रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1599] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 28, 2016/आषाढ़ 7, 1938
No. 1599] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 28, 2016/ASADHA 7, 1938

विदेश मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 24 जून, 2016

का.आ. 2220(अ)- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपनी 3039वीं बैठक में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय 7 के अंतर्गत संकल्प सं. 733 (1992) [इस आदेश के साथ उपाबद्ध-I के रूप में संलग्न] को स्वीकार किया, जिसके अंतर्गत सोमालिया में शांति और स्थिरता स्थापना करने के प्रयोजन के लिए सभी राष्ट्रों से अपेक्षित है कि वह जबतक कि परिषद अन्यथा निर्णय न ले, सोमालिया को आपूर्ति किए जाने वाले सभी हथियारों तथा सैन्य उपकरणों पर व्यापक और संपूर्ण निषेध लगाएं;

और जबकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपनी 6019वीं बैठक में संकल्प सं. 1844 (2008) को स्वीकार किया जिसमें अपेक्षित है कि सभी राष्ट्र संकल्प सं. 751 (1992) के अनुसरण में स्थापित समिति द्वारा नामोर्दिष्ट व्यक्तियों को अपने-अपने राज्य-क्षेत्रों में प्रवेश करने अथवा वहां से गुजरने पर रोक लगाने हेतु अपेक्षित का उपाय करे और इस संकल्प पैरा 3 में अपेक्षित है कि सभी राष्ट्र इस समिति द्वारा नामोर्दिष्ट व्यक्तियों अथवा गुटों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अर्जित अथवा नियंत्रित इन राष्ट्रों के राज्य-क्षेत्र में स्थित निधियों, अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों तथा आर्थिक संसाधनों पर रोक लगाए और यह सुनिश्चित करे कि उनके भू-क्षेत्र में उनके नागरिकों अथवा किसी भी व्यक्ति अथवा गुट द्वारा ऐसे व्यष्टिकों अथवा गुटों के फायदा ऐसी निधियों, वित्तीय आस्तियों अथवा आर्थिक संसाधन उपलब्ध न कराए जा रहे हों।

और जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपनी 6254वीं बैठक में संकल्प 1907(2009) को अंगीकृत किया, जिसके तहत अपेक्षित है कि सभी राष्ट्र इरीट्रिया को उसके राष्ट्रिकों द्वारा अथवा उसके राज्य-क्षेत्रों से उस देश के मस्तूलवाले जलयान या वायुयान का इस्तेमाल करके अस्त्र-शस्त्र तथा सभी प्रकार की संबंधित सामग्री जिनमें हथियार तथा गोला-बारूद, सैन्य वाहन तथा उपकरण परा-सैन्य उपकरण तथा उपरोक्त के कलपुर्जे शामिल है की आपूर्ति, बिक्री अथवा हस्तांतरित करने और साथ ही तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय तथा अन्य सहायता, जो सैन्य कार्यकलापों से संबंधित हो अथवा इन मदों का उपाबंध, विनिर्माण, अनुरक्षण अथवा प्रयोग से संबंधित हो, चाहे वह उनके राज्य-क्षेत्र से उत्पन्न हुआ हो या नहीं और सैन्य कार्यकलापों से जुड़ी निवेश, दलाली या अन्य वित्तीय सेवाओं और इस समिति द्वारा अभिहित व्यक्तियों या गुटों को हथियारों तथा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति, बिक्री, अंतरण विनिर्माण, अनुरक्षण अथवा प्रयोग से संबंधित सहायता देने पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोक लगाने हेतु अपेक्षित उपाय करें और साथ ही इन राष्ट्रों से यह भी अपेक्षित है

कि इरीट्रिया से उनके राष्ट्रिकों द्वारा ऐसे मदों, प्रशिक्षण तथा सहायता प्राप्त करने और उनके मस्तूल जलयान या वायुयान के प्रयोग करने पर रोक लगाएं, चाहे इसकी उत्पत्ति इरीट्रिया के भूक्षेत्र से हो अथवा नहीं।

और जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प सं. 2111(2013) में अपेक्षित है कि सभी राष्ट्र संकल्प सं. 733(1992), 751(1992), 1356(2001), 1407(2002), 1425(2002), 1474(2003), 1844(2008), 1907(2009), 1972(2011), 2002(2011), 2023(2011), 2036(2012), 2060(2012), 2093(2013), 2111(2013), 2124(2013), 2125(2013), 2142(2014), 2182(2014) और 2244(2015) में सन्निहित उपाबंधों को पूर्णतः क्रियान्वयन करें;

और केन्द्रीय सरकार सोमालिया तथा इरीट्रिया की एकता, संप्रभुत्ता, स्वतंत्रता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-7 के तहत अंगीकृत उक्त संयुक्त राष्ट्र संकल्पों को लागू करने हेतु संयुक्त राष्ट्र (सुरक्षा परिषद) अधिनियम, 1947(1947 का 43) के अधीन आदेश जारी करना और समीचीन आवश्यक समझती है।

अतः अब केन्द्रीय सरकार संयुक्त राष्ट्र (सुरक्षा परिषद) अधिनियम, 1947 (1947 का 43) की धारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त संकल्पों को लागू करने के लिए निम्नलिखित आदेश देती है, अर्थात;-

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभः**- (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम सोमालिया और इरीट्रिया से संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्पों को लागू करने के बाबत आदेश 2016 कहा जा सकेगा।

(2) यह आदेश राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगा।

(2) **परिभाषाएं:-** (1) इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "संकल्प" से 23 जनवरी, 1992 को अंगीकृत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संकल्प सं. 733(1992) अभिप्रेत है और इसमें संकल्प सं. 751(1992), 1356(2001), 1407(2002), 1425(2002), 1474(2003), 1844(2008), 1907(2009), 1972(2011), 2002(2011), 2023(2011), 2036(2012), 2060(2012), 2093(2013), 2111(2013), 2124(2013), 2125(2013), 2142(2014), 2182(2014) और 2244(2015) सम्मिलित हैं।

(ख) "अनुसूची" इस आदेश के साथ उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है जो सुरक्षा परिषद द्वारा उनके उक्त संकल्पों में निर्धारण के अवधारण पर तैयार की गई है।

(ग) "समिति" से संकल्प सं. 751(1992) के अनुच्छेद 11 के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा स्थापित समिति अभिप्रेत है।

(2) इस आदेश में प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्ति जिन्हें परिभाषित नहीं किया गया है और इस समय प्रवृत्त तत्समय भी में यह विधि परिभाषित है, जो वही अर्थ होंगे ऐसे विधियों में दिया गया है।

(3) व्यक्तियों तथा असितत्वों से संबंधित आदेश का लागूः- इस आदेश के उपाबंध अनुबंध 5 में सूचीबद्ध व्यक्तियों तथा असितत्वों तक लागू हैं और इनमें समय-समय पर इस समिति द्वारा यथानामित तथा उनकी वेबसाइट http://www.un.org/sc/Committees/751/pdf/751_1907.pdf. में विनिर्दिष्ट व्यक्ति तथा असितत्वों भी शामिल होंगे।

(4) सोमालिया से संबंधित संकल्पों को लागू करने हेतु केन्द्रीय सरकार की शक्तियां:- केन्द्रीय सरकार के पास निम्नलिखित से संबंधित उपाय करने हेतु सभी शक्तियां होंगी,

I. आयुधों पर रोकः

(क) जब तक कि परिषद अन्यथा निर्णय न ले सोमालिया को सभी प्रकार के आयुधों तथा सैन्य उपकरणों की आपूर्तियों पर साधारण तथा संपूर्ण हथियार आयुधों व्यवस्था को लागू करना;

(ख) समिति द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा गुटों को हथियारों, सैन्य उपकरणों, तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय तथा अन्य सहायता जो सैन्य कार्यकलापों से संबंधित हों अथवा हथियारों की आपूर्ति से संबंधित हों, की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष आपूर्ति पर रोक लगाना;

(ग) इस समिति द्वारा नामित व्यक्तियों या गुटों को हथियारों तथा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति, बिक्री, अंतरण विनिर्माण, रख-रखाव अथवा प्रयोग से संबंधित सहायता देने पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोक लगाना और साथ ही तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय तथा अन्य सहायता, जो सैन्य कार्यकलापों से संबंधित हो अथवा इन मदों का प्रावधान, विनिर्माण, रख-रखाव अथवा प्रयोग से संबंधित हो, चाहे वह उनके भू-क्षेत्र से उत्पन्न हुआ हो या नहीं और सैन्य कार्यकलापों से जुड़ी निवेश, दलाली या अन्य वित्तीय सेवाओं पर रोक लगाना।

परंतु उपरोक्त आयुध रोक पूर्वोक्त उपाबंध निम्नलिखित पर लागू नहीं होगा अर्थातः-

(i) ऐसे मदों की आपूर्ति जिन्हें समिति द्वारा मामला दर मामला आधार पर अग्रिम रूप से अनुमोदित किया गया हो {संदर्भ संकल्प सं. 2111(2013) का पैरा 7}

(ii) ऐसे आयुधों अथवा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति अथवा सलाह, सहायता अथवा प्रशिक्षण के प्रावधान जिसका आशय मुख्य रूप से सोमालिया की संघीय सरकार के सुरक्षा बलों के विकास के लिए हो, सोमालिया लोगों के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए हो, सिवाए ऐसे मदों की आपूर्ति को छोड़कर जिसका उल्लेख संकल्प सं. 2111(2013) के अनुबंध में हो {संकल्प सं. 2111(2013) के पैरा 10(क) के संदर्भ में}

(iii) ऐसे हथियारों अथवा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति अथवा सहायता का उपाबंध जिसका आशय मुख्यतः निम्नलिखित द्वारा समर्थन अथवा उपयोग के लिए हो-

(क) सोमालिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन में संयुक्त राष्ट्र कार्मिक (यूएनएसओएम) {संकल्प सं. 2111(2013) के पैरा 10(क) के संदर्भ में}

(ख) सोमालिया में अफ्रीकी संघ मिशन (एएमआईएसओएम) {संकल्प सं. 2111(2013) के अनुच्छेद 10(ख) के संदर्भ में}

(ग) एएमआईएसओएम के रणनीतिक भागीदारी जो मुख्य रूप से 5 जनवरी, 2012 की अफ्रीकी संघ रणनीतिक अभिकल्पना (अथवा प्रवर्ती एयू रणनीतिक अभिकल्पनाएं) और एएमआईएसओएम के सहयोग तथा समन्वयन में कार्य कर रहे हैं। {संकल्प सं. 2111(2013) के पैरा 10(ग) के संदर्भ में}

(घ) सोमालिया में यूरोपीय संघ प्रशिक्षण मिशन (ईयूटीएम); {संकल्प सं. 2111(2013) के पैरा 10(घ) के संदर्भ में}

(iv) सोमालिया की संघीय सरकार के अनुरोध पर सोमालिया के समुद्री तट पर जलदस्युता एवं सशस्त्र डकैती जैसे कृत्यों का दमन करने के लिए किए जाने वाले उपायों के प्रयोजनार्थ संयुक्त राष्ट्र सदस्य राष्ट्रों अथवा अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा उपक्षेत्रीय संगठनों के प्रयोग हेतु हथियारों तथा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति, जिसके लिए उसने महासचिव की नियुक्ति के बाबत अधिसूचना जारी की है और व्यवस्था दी है कि किए गए कोई भी उपाय प्रयोज्य अंतर्राष्ट्रीय मानवीय तथा मानवाधिकार कानून के अनुरूप होंगे {संकल्प सं. 2111(2013) के अनुच्छेद 10(ग) के संदर्भ में}

(v) संयुक्त राष्ट्र कर्मियों, मीडिया तथा मानवीय एवं विकास कामगारों तथा इनसे संबद्ध कर्मियों द्वारा केवल उनके व्यक्तिगत प्रयोग हेतु सोमालिया को अस्थायी तौर पर निर्यात किए जाने वाले सुरक्षात्मक वस्त्रों की आपूर्ति जिनमें फ्लैक जैकेट तथा सैन्य हेलमेट शामिल हैं {संकल्प सं. 2111(2013) के पैरा 10(च) के संदर्भ में}

(vi) गैर घातक सैन्य उपकरणों की आपूर्ति जो मुख्यतः मानवीय अथवा सुरक्षात्मक उपयोग के लिए हो, जिसे केवल सूचना हेतु भारत सरकार, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय अथवा उप-क्षेत्रीय संगठन द्वारा पांच दिन पहले अधिसूचित किया गया हो {संकल्प सं. 2111(2013) के अनुच्छेद 10(छ) के संदर्भ में}

(vii) सदस्य राष्ट्रों अथवा अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा उप-क्षेत्रीय संगठनों द्वारा हथियारों अथवा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति और तकनीकी सहायता अथवा प्रशिक्षण जिसका उद्देश्य मुख्यतः भारत सरकार, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय अथवा उप-क्षेत्रीय संगठन द्वारा ऐसे किसी सहायता की अधिसूचना प्राप्त होने की तिथि से पांच कार्य दिवसों के भीतर समिति द्वारा कोई नकारात्मक निर्णय न लिया जाने की स्थिति में सोमाली सुरक्षा क्षेत्र संस्थाओं के विकास में मदद करने के प्रयोजनार्थ होंगे{संकल्प सं. 2111(2013) के पैरा 11(क) के संदर्भ में}

II. यात्रा पाबंदी

समिति द्वारा नामित व्यक्तियों को भारत के राज्यक्षेत्र में प्रवेश करने अथवा राज्यक्षेत्र से होकर गुजरने पर रोक लगाना बशर्ते कि इस पैरा में कोई भी बात भारत सरकार को उसके अपने राष्ट्रिकों को यहां प्रवेश करने से मनाही नहीं करेगीः

परंतु कि यात्रा पाबंदी से संबंधित उपर्युक्त उपाबंध निम्नलिखित पर लागू नहीं होंगे अर्थातः-

(i) जहां समिति मामला दर मामला आधार पर यह अवधारण करे कि इस प्रकार की यात्रा मानवीय जरूरतों के आधार पर औचित्यपूर्ण है, जिनमें धार्मिक बाध्यता भी शामिल है {संकल्प सं. 1844(2008) के अनुच्छेद 2(क) के संदर्भ में}

(ii) जहां समिति मामला दर मामला आधार पर यह अवधारण करे कि इस प्रकार की छूट से अन्यथा सोमालिया में शांति एवं राष्ट्रीय एकता तथा उस क्षेत्र में स्थिरता के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी {संकल्प सं. 1844(2008) के पैरा 2(ख) के संदर्भ में}

III. आस्ति को जब्त करनाः

(क) भारत में स्थित उन सभी निधियों, अन्य वित्तीय आस्तियों तथा आर्थिक संसाधनों को जब्त करना जो समिति द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा असितत्वों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से स्वामित्व वाले अथवा नियंत्रित हों अथवा इन पर ऐसे व्यक्तियों अथवा असितत्वों का स्वामित्व अथवा नियंत्रण हो जो उनकी ओर से अथवा उनके निर्देश पर कार्य कर रहे हों अथवा उनके स्वामित्व अथवा नियंत्रित किसी असितत्वों के स्वामित्व अथवा नियंत्रित हो;

(ख) यह सुनिश्चित करना कि कोई भी निधियां, वित्तीय आस्तियां अथवा आर्थिक संसाधनों पर भारतीय राष्ट्रिकों अथवा भारत के भूक्षेत्र के भीतर किसी व्यक्ति अथवा असितत्वों द्वारा उपलब्ध कराए जाने पर रोक लगाए जाएं जो समिति द्वारा नामित व्यष्टिकों अथवा असितत्वों के फायदा होः

परंतु परिसंपत्तियों को जब्त किए जाने से संबंधित उपर्युक्त उपाबंध निम्नलिखित निधियों तथा अन्य आर्थिक उपायों पर लागू नहीं होंगे जो भारत सरकार द्वारा अवधारित नहीं किए गए हों अर्थातः-

(i) मूलभूत खर्च जिनमें खाद्य पदार्थ, किराए अथवा गिरवी रखे जाने, औषधि तथा चिकित्सीय उपचार, कर, बीमा प्रीमियम और जनसुविधा प्रभार के भुगतान हेतु अथवा विशेष तौर पर औचित्यपूर्ण पेशेवर शुल्क के भुगतान हेतु तथा कानूनी सेवाओं अथवा शुल्क अथवा सेवा प्रभार का राष्ट्रीय विधियों के अनुसार इनसे संबंधित व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु, जब्त की गई निधियों अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों तथा आर्थिक संसाधनों की नियमित रख-रखाव हेतु यह आवश्यक होगा जो भारत सरकार द्वारा समिति को जारी उसके इस आशय की अधिसूचना के पश्चात कि वह ऐसी निधियों, अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों अथवा आर्थिक संसाधनों के लिए प्राधिकृत किए जाने ऐसी निधियों को सुलभ कराने के लिए प्राधिकृत किए गए हों और समिति द्वारा ऐसी अधिसूचना की तिथि से तीन कार्यदिवसों के भीतर किसी नकारात्मक निर्णय न लिए जाने की स्थिति में यह आवश्यक होगा {संकल्प सं. 1844(2008) के पैरा 4(क) के संदर्भ में}

(ii) समिति द्वारा यथाअनुमोदित असाधारण व्यय हेतु अपेक्षित होगा {संकल्प सं. 1844(2008) के पैरा 4(ख) के संदर्भ में}

(iii) किसी न्यायिक, प्रशासनिक अथवा विवाचक धारणाधिकार अथवा निर्णय के अध्यधीन होगा जिस मामले में कोषों, अन्य वित्तीय आस्ति तथा आर्थिक संसाधनों का उपयोग इस बात की संतुष्टि के लिए होगी कि यह धारणाधिकार अथवा निर्णय जिसे संकल्प सं. 1844(2008) (20 नवंबर, 2008), जो किसी व्यक्ति अथवा अभिनिर्धारित गुट के फायदा नहीं है और भारत सरकार द्वारा समिति को इस बारे में अधिसूचित किया गया है, को अपनाए जाने की तारीख से पूर्व निष्पन्न किया गया था {संकल्प सं. 1844(2008) के पैरा 4(ग) के संदर्भ में}

(iv) उन संविदाओं, करारों अथवा दायित्वों के तहत ऐसे लेखाओं अथवा भुगतानों पर बकाया ब्याज अथवा अन्य आय जो इस संकल्प के उपाबंध के अध्यधीन सृजित लेखाओं की तारीख से पूर्व उत्पन्न हुए थे, बशर्ते कोई भी ऐसा ब्याज, अन्य आय तथा भुगतान इन उपाबंधों के अध्यधीन बने रहेंगे तथा निष्क्रिय रहेंगे। {संकल्प सं. 1844(2008) के पैरा 5 के संदर्भ में}

IV. चारकोल पर पाबंदी

सोमालिया से चारकोल के प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष आयात पर रोक, चाहे यह चारकोल सोमालिया से प्राप्त किया गया हो अथवा नहीं।

(5) इरीट्रिया से संबंधित संकल्पों को लागू करने हेतु केन्द्रीय सरकार की शक्तियां:- केन्द्रीय सरकार के पास निम्नलिखित से संबंधित उपाय करने हेतु सभी शक्तियां होंगी,

I. आयुधों पर पाबंदीः

(क) जब तक कि परिषद अन्यथा निर्णय न ले इरीट्रिया को सभी प्रकार के हथियारों तथा सैन्य उपकरणों की आपूर्तियों पर सामान्य तथा संपूर्ण हथियार प्रतिबंध व्यवस्था को लागू करना;

(ख) समिति द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा गुटों को हथियारों, सैन्य उपकरणों, तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय तथा अन्य सहायता जो सैन्य कार्यकलापों से संबंधित हों अथवा हथियारों की आपूर्ति से संबंधित हों, की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष आपूर्ति पर रोक लगाना;

(ग) इस समिति द्वारा नामित व्यक्तियों या गुटों को हथियारों तथा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति, बिक्री, अंतरण विनिर्माण, रख-रखाव अथवा प्रयोग से संबंधित सहायता देने पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोक लगाना और साथ ही तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय तथा अन्य सहायता, जो सैन्य कार्यकलापों से संबंधित हो अथवा इन मदों का उपाबंध, विनिर्माण, अनुरक्षण अथवा प्रयोग से संबंधित हो, चाहे वह उनके भू-क्षेत्र से उत्पन्न हुआ हो या नहीं और सैन्य कार्यकलापों से जुड़ी निवेश, दलाली या अन्य वित्तीय सेवाओं पर रोक लगाना।

परंतु उपरोक्त आयुधों की पाबंदी संबंधी उपाबंध निम्नलिखित पर लागू नहीं होगा अर्थातः-

(i) गैर घातक सैन्य उपकरणों की आपूर्ति जो मुख्यतः मानवीय अथवा सुरक्षात्मक उपयोग के लिए हो, {संकल्प सं. 2111(2013) के पैरा 12 के संदर्भ में}

(ii) संयुक्त राष्ट्र कर्मियों, मीडिया तथा मानवीय एवं विकास कार्यकारों तथा इनसे संबद्ध कर्मियों द्वारा केवल उनके व्यक्तिगत उपयोग हेतु इरीट्रिया को अस्थायी तौर पर निर्यात किए जाने वाले सुरक्षात्मक वस्त्रों की आपूर्ति जिनमें फ्लैक जैकेट तथा सैन्य हेलमेट शामिल हैं {संकल्प सं. 2111(2013) के पैरा 13 के संदर्भ में}

II. यात्रा प्रतिबंध

समिति द्वारा अभिहित व्यष्टिकों को भारत के राज्यक्षेत्र में प्रवेश करने अथवा भूक्षेत्र से होकर गुजरने पर रोक लगाना बशर्ते कि इस पैरा में कोई भी बात भारत सरकार को उसके अपने नागरिकों को यहां प्रवेश करने से इंकार नहीं करेगीः

परंतु यात्रा पाबंदी से संबंधित उपर्युक्त उपाबंध निम्नलिखित पर लागू नहीं होंगे अर्थातः-

(i) जहां समिति मामला दर मामला आधार पर यह अवधारित करे कि इस प्रकार की यात्रा मानवीय जरूरतों के आधार पर औचित्यपूर्ण है, जिनमें धार्मिक बाध्यता भी शामिल है {संकल्प सं. 1907(2009) के अनुच्छेद 11 के संदर्भ में}

(ii) जहां समिति मामला दर मामला आधार पर यह निर्धारित करे कि इस प्रकार की छूट से अन्यथा सोमालिया में शांति एवं राष्ट्रीय एकता तथा उस क्षेत्र में स्थिरता के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी {संकल्प सं. 1907(2009) के पैरा 11(ख) के संदर्भ में}

III. आस्तियों को जब्त करनाः

(क) भारत में अवस्थित उन सभी निधियों, अन्य वित्तीय आस्तियों और आर्थिक संसाधनों को जब्त करना जो समिति द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा असितत्वों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से स्वामित्व वाले अथवा नियंत्रित हों अथवा इन पर ऐसे व्यक्तियों अथवा असितत्वों का स्वामित्व अथवा नियंत्रण हो जो उनकी ओर से अथवा उनके निर्देश पर कार्य कर रहे हों अथवा उनके स्वामित्व अथवा नियंत्रित किसी असितत्वों के स्वामित्व अथवा नियंत्रित हो;

(ख) यह सुनिश्चित करना कि कोई भी निधियों, वित्तीय असितत्वों अथवा आर्थिक संसाधनों पर भारतीय राष्ट्रिकों अथवा भारत के राज्यक्षेत्र के भीतर किसी व्यक्ति अथवा असितत्वों द्वारा उपलब्ध कराए जाने पर रोक लगाए जाएं जो समिति द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा गुटों के लाभार्थ होः

परंतु असितत्वों को जब्त किए जाने से संबंधित उपर्युक्त उपाबंध निम्नलिखित निधियों तथा अन्य आर्थिक उपायों पर लागू नहीं होंगे जो भारत सरकार द्वारा अवधारित नहीं किए गए हों अर्थातः-

(i) मूलभूत व्यय जिनमें खाद्य पदार्थ, किराए अथवा गिरवी रखे जाने, औषधि तथा चिकित्सीय उपचार, कर, बीमा प्रीमियम और जनसुविधा प्रभार के भुगतान हेतु अथवा विशेष तौर पर औचित्यपूर्ण वृत्तिक फीस के भुगतान हेतु तथा विधिक सेवाओं अथवा फीस अथवा सेवा प्रभार का राष्ट्रीय विधियों के अनुसार इनसे संबंधित व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु, जब्त की गई निधियों अन्य वित्तीय आस्तियों तथा आर्थिक संसाधनों की नियमित अनुरक्षण के लिए यह आवश्यक होगा जो भारत सरकार द्वारा समिति को जारी उसके इस आशय की अधिसूचना के पश्चात कि वह ऐसी निधियों, अन्य वित्तीय आस्तियों अथवा आर्थिक संसाधनों के लिए प्राधिकृत किए जाने ऐसी निधियों को सुलभ कराने के लिए प्राधिकृत किए गए हों और समिति द्वारा ऐसी अधिसूचना की तारीख से तीन कार्यदिवसों के भीतर किसी नकारात्मक निर्णय न लिए जाने की स्थिति में यह आवश्यक होगा {संकल्प सं. 1907(2009) के पैरा 14(क) के संदर्भ में}

(ii) समिति द्वारा यथाअनुमोदित असाधारण व्यय हेतु अपेक्षित होगा {संकल्प सं. . 1907(2009) के पैरा 14(ख) के संदर्भ में}

(iii) किसी न्यायिक, प्रशासनिक अथवा विवाचन धारणाधिकार अथवा निर्णय के अध्यधीन होगा जिस मामले में निधियों, अन्य वित्तीय आस्ति तथा आर्थिक संसाधनों का उपयोग इस बात की समाधान के लिए होगी कि यह धारणाधिकार अथवा निर्णय जिसे संकल्प सं. 1907(2009) (23 दिसंबर, 2009), जो किसी व्यक्ति अथवा अभिनिर्धारित असितत्वों के लाभार्थ नहीं है और भारत सरकार द्वारा समिति को इस बारे में अधिसूचित किया गया है, को अपनाए जाने की तारीख से पूर्व निष्पन्न किया गया था {संकल्प सं. 1907(2009) के पैरा 4(ग) के संदर्भ में}

अनुसूची

[पैरा 2 (ख) देखें]

उपाबंध 1

संकल्प 733 (1992)

23 जनवरी 1992

सुरक्षा परिषद,

सोमालिया द्वारा वहां की परिस्थिति पर विचार करने से संबंधित सुरक्षा परिषद हेतु अनुरोध पर विचार करते हुए, सोमालिया में व्याप्त परिस्थिति के बारे में महासचिव की रिपोर्ट को सुनते हुए और उनके द्वारा मानवीयता के क्षेत्र में उठाए गए कदमों की निन्दा करते हुए,

सोमालिया में तेजी से बिगड़ते हालात पर और उस देश में छिड़ी लड़ाई के परिणामस्वरूप व्यापक पैमाने पर जान-माल के व्यापक पैमाने पर नुकसान के प्रति गंभीरता से सचेत होते हुए और उस क्षेत्र में स्थिरता तथा शांति पर इसके प्रभाव के प्रति जागरूक रहते हुए,

इस बात पर चिंतित होते हुए कि ऐसी परिस्थिति जारी रहने पर, जैसा कि महासचिव की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को खतरा हो सकता है,

अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखने हेतु संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अधीन अपनी मुख्य उत्तरदायित्व का स्मरण करते हुए,

साथ ही इस चार्टर के अध्याय 8 के उपाबंधों का भी स्मरण करते हुए,

उन अंतर्राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय संगठनों के प्रति सराहना व्यक्त करते हुए जिन्होंने इस संघर्ष से प्रभावित आबादी की मदद की है और इस बात पर खेद प्रकट करते हुए कि इन संगठनों के कर्मियों ने मानवीय कार्य करते हुए अपनी जिन्दगी दाव पर लगा दी है,

इस्लामिक सम्मेलन संगठन के अध्यक्ष द्वारा 16 दिसंबर, 1991 को, अफ्रीकी यूनिटी संगठन के महासचिव द्वारा 18 दिसंबर, 1991 को और अरब राष्ट्र लीग द्वारा 5 जनवरी, 1992 को पक्षकारों को संबोधित अपीलों पर संबोधित करते हुए,

1. सोमालिया की परिस्थिति के बारे में महासचिव की रिपोर्ट पर ध्यान करते हुए उस देश में व्याप्त स्थिति के प्रति अपनी चिंताएं व्यक्त करता है;

2. अन्य अंतर्राष्ट्रीय मानवीय संगठनों के साथ मिलकर सोमालिया के सभी हिस्सों में प्रभावित लोगों को संयुक्त राष्ट्र तथा इसके विशिष्ट अभिकरणों द्वारा मानवीय सहायता बढाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के प्रयोजनार्थ महासचिव से अनुरोध करता है और इस दिशा में इस सहायता की कारगर सुपुर्दगी की निगरानी करने के लिए एक समन्वयक नियुक्त करने का अनुरोध करता है;

3. साथ ही अफ्रीकी यूनिटी तथा अरब राष्ट्र लीग के महासचिव के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र के महासचिव से अनुरोध करता है कि वह इस विवाद में शामिल सभी पक्षकारों से तत्काल संपर्क करे, इस शत्रुता को समाप्त करने के प्रति उनसे वचनबद्धता प्राप्त करे ताकि मानवीय सहायता संवितरित की जा सके, युद्धविराम तथा इसके अनुपालन की व्यवस्था की जा सके और इस प्रक्रिया में सोमालिया में इस विवाद के राजनैतिक समाधान में सहायता दी जाए;

4. इस विवाद में शामिल सभी पक्षकारों से दृढता से आग्रह करता है कि वे तत्काल इस शत्रुता को समाप्त करे और युद्धविराम पर सहमत हो तथा सोमालिया में मेल-मिलाप तथा राजनैतिक समाधान की प्रक्रिया को बढ़ावा दे;

5. संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय 7 के तहत निर्णय लेता है कि सभी राष्ट्र सोमालिया में शांति एवं स्थिरता लाने के प्रयोजनार्थ जब तक परिषद अन्यथा निर्णय न ले, तत्काल सोमालिया को हथियारों तथा सैन्य उपकरणों से संबंधित सभी प्रकार के आपूर्तियों पर साधारण एवं संपूर्ण प्रतिबंध लागू करे;

6. सभी राष्ट्रों से आह्वान करता है कि वे ऐसी किसी कार्रवाई से परहेज करे जिससे तनाव बढे और सोमालिया में चल रहे युद्ध का कोई शांतिपूर्ण एवं सुविचारित परिणाम बाधित हो अथवा उसमें विलंब हो, जो सभी समोली वासियों को एक शांतिपूर्ण माहौल में अपना भविष्य निर्माण करने की अनुमति प्रदान करेगा;

7. इस दिशा में सभी पक्षकारों से आह्वान करता है कि वे इसमें सहयोग करें और संयुक्त राष्ट्र, इसकी विशेष अभिकरणों तथा अन्य मानवीय संगठनों द्वारा सभी जरूरतमंदों को एक समन्वयक के पर्यवेक्षण में मानवीय सहायता को सुविधाजनक बनाएं;

8. सभी पक्षकारों से आग्रह करता है कि वे मानवीय सहायता प्रदान करने हेतु भेजे गए कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उनके कार्यों में उन्हें सहायता करने और सिविलियन आबादी की सुरक्षा से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय कानून के नियम तथा सिद्धांतों के प्रति पूर्ण सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सभी अपेक्षित उपाय करें;

9. सभी राष्ट्रों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से आह्वान करता है कि वे सोमालिया में रहने वाले लोगों को मानवीय सहायता दिए जाने संबंधी प्रयासों में अपना योगदान करें;

10. महासचिव से अनुरोध करता है कि वह यथाशीघ्र इस मामले पर सुरक्षा परिषद पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे;

11. एक शांतिपूर्ण समाधान ढूंढे जाने तक इस मामले पर विचार करते रहने का निर्णय लेता है।

उपाबंध 2

संकल्प सं. 1844 (2008)

सुरक्षा परिषद द्वारा 20 नवंबर 2008 को अपनी 6019वीं बैठक में स्वीकृत

सुरक्षा परिषद,

सोमालिया में व्याप्त परिस्थिति से संबंधित पूर्व संकल्पों, विशेषतः संकल्प सं. 733 (1992), संकल्प सं. 751 (1992), संकल्प सं. 1356 (2001), संकल्प सं. 1425 (2002), संकल्प सं. 1519 (2003), संकल्प सं. 1676 (2006), संकल्प सं. 1725 (2006), संकल्प सं. 1744 (2007), संकल्प सं. 1772 (2007), संकल्प सं. 1801 (2008), संकल्प सं. 1811 (2008), संकल्प सं. 1814 (2008) और प्रतिबंधों से संबंधित आम मुद्दों पर इसके अध्यक्ष के वक्तव्यों विशेषतः 13 जुलाई 2006 (एस/पी आर एस टी/2006/31), 22 दिसंबर, 2006 (एस/पी आर एस टी/2006/59), 30 अप्रैल 2007 (एस/पी आर एस टी/2007/13) और 14 जून 2007 (एस/पी आर एस टी/2007/19) के वक्तव्यों का स्मरण करते हुए और साथ ही संकल्प सं. 1730 (2006) का भी स्मरण करते हुए,

सोमालिया की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, राजनैतिक स्वतंत्रता और एकता की पुनः अभिपुष्टि करते हुए,

संपूर्ण सोमालिया में स्थिरता तथा सुरक्षा प्रदान करने तथा बनाए रखने के महत्व पर बल देते हुए,

सोमालिया में सभी हिंसात्मक कृत्यों और सोमालिया के भीतर हिंसा के लिए उकसाए जाने की भर्त्सना करते हुए और एक शांतिपूर्ण राजनैतिक प्रक्रिया को रोकने अथवा इसे बाधित करने की आशायित से किए गए सभी कृत्यों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त करते हुए,

सोमालिया के तट पर जहाजों पर जलदस्युता तथा सशस्त्र डकैती से जुड़े कृत्यों में हाल में हुई वृद्धि पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए और इस बात पर गौर करते हुए कि इस प्रकार के जलदस्युता से सशस्त्र गुटों द्वारा वित्तीय प्रतिबंध के उल्लंघन में मदद की जा सकती है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र के संकल्प सं. 751 (1992) के अनुसरण में गठित समिति (जिसे इसके बाद "समिति" कहा गया है) के अध्यक्ष द्वारा 9 अक्तूबर 2008 के वक्तव्य में उल्लेख किया गया है,

संकल्प सं. 1356 (2001), 1425 (2002), 1725 (2006), 1744 (2007) तथा 1772 (2007) द्वारा यथावर्णित एवं संशोधित संकल्प सं. 733 (1992) के अनुच्छेद 5 द्वारा लगाए गए शस्त्र प्रतिबंध के तहत सोमालिया की शांति एवं सुरक्षा में निरंतर योगदान पर बल देते हुए और अपनी इस मांग को पुनः दोहराते हुए कि सभी सदस्य राष्ट्र, विशेषतः उस क्षेत्र में स्थित राष्ट्र इन संकल्पों की अपेक्षाओं का पूर्णतः अनुपालन करें,

किसी शांतिपूर्ण राजनैतिक प्रक्रिया को रोकने अथवा बाधित करने अथवा ट्रांजिश्नल फ्रेडरल इंस्टीट्यूशन्स ऑफ सोमालिया अथवा सोमालिया में अफ्रीकी संघ मिशन को बल प्रयोग की धमकी देने वाले अथवा सोमालिया में अथवा उस क्षेत्र की स्थिरता के प्रति खतरा उत्पन्न करने वाले गुटों के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु अपनी मंशा का स्मरण करते हुए,

संकल्प सं. 1814 (2008) के पैरा 7 में उल्लिखित सोमालिया पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए हथियार प्रतिबंध की कारगरता को सुदृढ करने और इस हथियार पर प्रतिबंध को प्रभावित करने वाले तथा ऐसे कृत्य में उनका समर्थन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मंशा का पुनः स्मरण करते हुए,

संकल्प सं. 1814 (2008) के पैरा 6 तथा पैरा 7 में उल्लिखित समिति को किए गए उस अनुरोध का भी स्मरण करते हुए कि ऐसे व्यक्तियों अथवा असितत्वों के विरूद्ध किए जाने वाले -विनिर्दिष्ट लक्षित उपायों की सिफारिश करे,

इस समिति के उपाध्यक्ष द्वारा 1 अगस्त 2008 को सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे गए पत्र पर ध्यान करते हुए,

यह अवधारित करते हुए कि सोमालिया में व्याप्त परिस्थिति से उस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरा बना हुआ है,

संयुक्त राष्ट्र चार्टर अध्याय 7 के अधीन कार्रवाई करते हुए,

1. यह निर्णय लेता है कि सभी सदस्य राष्ट्र निम्नलिखित 8 के अनुसरण में समिति द्वारा नामित व्यक्तियों को अपने भूक्षेत्रों में अथवा से होकर गुजरने पर रोक लगाने हेतु अपेक्षित उपाय करेंगे, बशर्ते इस अनुच्छेद में उल्लिखित कोई भी शर्त उस राष्ट्र को अपने राष्ट्रिकों को उनके राज्यक्षेत्रों में प्रवेश करने से मना करने के लिए बाध्य नहीं करेगी;

2. यह निर्णय लेता है कि उपर्युक्त पैरा 1 के अधीन किए गए उपाय निम्नलिखित पर लागू नहीं होंगेः

(क) जहां समिति मामला दर मामला आधार पर यह अवधारणा लेती है कि इस प्रकार की यात्रा मानवीय जरूरतों के आधार पर औचित्यपूर्ण है, जिसमें धार्मिक यात्रा भी शामिल है; अथवा

(ख) जहां समिति मामला दर मामला आधार पर यह अवधारणा लेती है कि इस प्रकार की छूट से अन्यथा सोमालिया में शांति एवं राष्ट्रीय एकता तथा उस क्षेत्र में स्थिरता के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी;

3. यह निर्णय लेता है कि सभी सदस्य राष्ट्र ऐसी निधियों, अन्य वित्तीय आस्ति तथा अन्य आर्थिक संसाधनों को अविलंब जब्त करेंगे, जिन पर निम्नलिखित पैरा 8 के अनुसरण में समिति द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा असितत्वों द्वारा, अथवा उनके इशारे पर उनकी ओर से कार्य करने वाले व्यक्तियों अथवा असितत्वों, अथवा समिति द्वारा यथानामित, उनके स्वामित्व वाले गुटों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष स्वामित्व वाले अथवा नियंत्रित हों और यह भी निर्णय लेता है कि सभी सदस्य राष्ट्र यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके नागरिकों द्वारा अथवा उनके भूक्षेत्र कमें किसी व्यक्ति अथवा गुटों द्वारा ऐसे व्यक्तियों अथवा गुटों के लाभार्थ उपलब्ध कराए जा रहे कोषों, वित्तीय आस्तियों अथवा आर्थिक संसाधनों पर रोक लगाई जाएं;

4. यह निर्णय लेता है कि उपर्युक्त पैरा 3 द्वारा किए गए उपाय ऐसे निधियों, अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों, अथवा आर्थिक संसाधनों पर लागू नहीं होंगे जो संगत सदस्य राष्ट्रों द्वारा अवधारित किए गए हों;

(क) मूलभूत खर्च जिनमें खाद्य पदार्थ, किराए अथवा गिरवी रखे जाने, औषधि तथा चिकित्सीय उपचार, कर, बीमा प्रीमियम और सार्वजनिक प्रभार के भुगतान हेतु अथवा विशेष तौर पर औचित्यपूर्ण वृत्तिक फीस के भुगतान हेतु तथा विधिक सेवाओं अथवा फीस अथवा सेवा प्रभार का राष्ट्रीय विधियों के अनुसार इनसे संबंधित व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु, जब्त की गई निधियों अन्य वित्तीय आस्तियों तथा आर्थिक संसाधनों की नियमित रख-रखाव हेतु यह आवश्यक होगा जो भारत सरकार द्वारा समिति को जारी उसके इस आशय की अधिसूचना के पश्चात कि वह ऐसी निधियों, अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों अथवा आर्थिक संसाधनों के लिए प्राधिकृत किए जाने ऐसी निधियों को सुलभ कराने के लिए प्राधिकृत किए गए हों और समिति द्वारा ऐसी अधिसूचना की तारीख से तीन कार्यदिवसों के भीतर किसी नकारात्मक निर्णय न लिए जाने की स्थिति में यह आवश्यक होगा;

(ख) असाधारण व्यय के लिए आवश्यक होगा, बशर्ते कि इस प्रकार के निर्धारण के बारे में संगत राष्ट्र अथवा सदस्य राष्ट्रों द्वारा अधिसूचित किए गए हों और समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त हो; अथवा

(ग) किसी न्यायिक, प्रशासनिक अथवा विवाचक धारणाधिकार अथवा निर्णय के अध्यधीन होगा जिस मामले में निधियों, अन्य वित्तीय आस्तियों तथा आर्थिक संसाधनों का उपयोग इस बात की समाधान के लिए होगी कि यह धारणाधिकार अथवा निर्णय जिसे संकल्प सं. 1844(2008) (20 नवंबर, 2008), जो किसी व्यक्ति अथवा अभिनिर्धारित गुट के लाभार्थ नहीं है और भारत सरकार द्वारा समिति को इस बारे में अधिसूचित किया गया है, को अपनाए जाने की तारीख से पूर्व निष्पन्न किया गया था;

5. यह निर्णय लेता है कि सदस्य राष्ट्र उपर्युक्त पैरा 3 के उपाबंधों के अनुसरण में निष्क्रिय किए गए लेखाओं में ऐसे लेखाओं अथवा भुगतान पर बकाया ब्याज अथवा अन्य आय जोड़े जाने की अनुज्ञा दे सकते हैं जो उस तिथि से पूर्व निष्पन्न संविदाओं, करारों अथवा दायित्वों के तहत हों, जब यह लेखे इस सकंल्प के उपाबंधों अध्यधीन शामिल हुए, बशर्ते कि इस प्रकार के ब्याज, अन्य आय तथा अर्जन इन उपाबंधों के अध्यधीन बने रहे तथा उन्हें निष्क्रिय किया जाए;

6. संकल्प सं. 1356 (2001), 1425 (2002), 1725 (2006), 1744 (2007) और 1772 (2007) द्वारा यथावर्णित तथा संशोधित संकल्प संख्या 733 (1992) द्वारा सोमालिया के विरूद्ध लगाए गए साधारण तथा संपूर्ण हथियार अधिरोपित की पुनः अभिपुष्टि करता है;

7. यह निर्णय लेता है कि सभी सदस्य राष्ट्र निम्नलिखित पैरा 8 के अनुसरण में इस समिति द्वारा नामित व्यक्तियों या असितत्वों को शस्त्रों तथा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति, बिक्री, अंतरण विनिर्माण, अनुरक्षण अथवा प्रयोग से संबंधित सहायता देने पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोक लगाना और साथ ही तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय तथा अन्य सहायता, जो सैन्य कार्यकलापों से संबंधित हो अथवा इन मदों का उपाबंध, विनिर्माण, रख-रखाव अथवा उपयोग से संबंधित हो, चाहे वह उनके राज्यक्षेत्र से उत्पन्न हुआ हो या नहीं और सैन्य कार्यकलापों से जुड़ी निवेश, दलाली या अन्य वित्तीय सेवाओं पर रोक लगाना;

8. यह निर्णय लेता है कि उपर्युक्त पैरा 1, 3 और 7 पैरा नामित व्यस्तिकों पर लागू होंगे और यह कि उपाबंध समिति द्वारा 3 तथा 7 असितत्वों पर लागू होंगे;

(क) जैसे कि सोमालिया ने शांति, सुरक्षा अथवा स्थिरता के लिए खतरा पैदा करने वाले कृत्यों में संलिप्त होना अथवा समर्थन देना, जिनमें ऐसे कृत्य भी शामिल हैं जो 18 अगस्त, 2008 के जिबूती करार अथवा राजनैतिक प्रक्रिया अथवा टी एफ आई अथवा ए एम आई एस ओ एम के लिए खतरा हो;

(ख) जैसा कि उपर्युक्त पैरा 6 में पुनः अभिपुष्ट साधारण और संपूर्ण आयुधों प्रतिरोध का उल्लंघन करने वाले कृत्य;

(ग) जैसा कि सोमालिया में मानवीय सहायता की आपूर्ति को बाधित करने वाली कृत्य अथवा सोमालिया में मानवीय सहायता सुलभ कराने अथवा संवितरित करने में बाधा पहुंचाना;

9. यह निर्णय लेता है कि उपर्युक्त पैरा 1, 3 और 7 में उल्लिखित उपाय ऐसे व्यक्तियों अथवा गुटों पर लागू नहीं होंगे, यदि तथा ऐसे समय पर जब समिति द्वारा अभिहित व्यष्टिकों तथा गुटों की सूची से उन्हें हटा दिया जाए;

10. समिति द्वारा अन्य संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समितिओं और महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के साथ समन्वयन के महत्व को रेखांकित करता है;

11. यह निर्णय लेता है कि निम्नलिखित कार्यों को शामिल करने के लिए संकल्प सं. 751 (1992) में यथानिर्धारित अनुसार समिति के अधिदेश का और विस्तार किया जाए:

(क) संकल्प सं. 1519 (2003) के अनुसरण में गठित अनुवीक्षण समूह के समर्थन से अनुवीक्षण करना, उपर्युक्त पैरा 6 में अभिपुष्ट साधारण तथा संपूर्ण हथियार प्रतिबंध के अलावा उपर्युक्त अनुच्छेद 1, 3 और 7 के तहत किए गए उपायों को लागू करना;

(ख) सभी सदस्य राष्ट्रों, विशेषकर उस क्षेत्र में स्थित राष्ट्रों से उपर्युक्त पैरा 1, 3 और 7 में किए गए उपायों को कारगर ढंग से लागू करने हेतु उनके द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित सूचनाएं प्राप्त करना और इस संबंध में ऐसी सूचनाएं भी प्राप्त करना, जो वह उपयुक्त समझे;

(ग) उपर्युक्त पैरा 1, 3 और 7, संकल्प सं. 733 (1992) के पैरा 5 और संकल्प सं. 1425 (2002) के पैरा 1 और 2 के अधिरोपित किए गए उपायों के कथित उल्लंघनों से संबंधित सूचनाओं की जांच करना और यदि आवश्यक हो तो समुचित कार्रवाई करना;

(घ) नीचे पैरा 12 में के अनुसरण में सदस्य राष्ट्रों के अनुरोध पर उपर्युक्त 3 और 8 के अनुसरण में व्यष्टिकों तथा असितत्वों का अभिनिर्धारण करना;

(ड.) उपर्युक्त पैरा 2 तथा 4 में उपवर्णित छूट के लिए प्राप्त अनुरोधों पर विचार करके निर्णय लेना;

(च) उपर्युक्त पैरा 3 और 8 के अनुसरण में समिति द्वारा अभिहित व्यक्तियों तथा असितत्वों की सूची की नियमित रूप से पुनर्विलोकन करना, जिसका उद्देश्य इस सूची को यथासंभव अद्यतन एवं सटीक रखना है और इस बात की अभिपुष्टि करना कि यह सूचीबद्धन समुचित है और सदस्य राष्ट्रों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना कि जब कभी भी ऐसी सूचनाएं उपलब्ध होती हैं, अतिरिक्त सूचना के रूप में उपलब्ध कराना;

(छ) सुरक्षा परिषद को इस संकल्प के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य के संबंध में कम से कम 120 दिन पहले रिपोर्ट करना, जिसमें उनकी टिप्पणियां तथा सिफारिशें शामिल हों, विशेषतः उपर्युक्त पैरा 1, 3 और 7 के अनुसरण में किए गए उपायों को सुदृढ तथा कारगार बनाने से संबंधित टिप्पणियां तथा सिफारिशें शामिल हों;

(ज) उपर्युक्त अनुच्छेद 1, 3 और 7 के अनुसरण में किए गए उपायों का अनुपालन न किए जाने से संबंधित संभावित मामलों का पता लगाना और ऐसे प्रत्येक मामले में समुचित कार्रवाई तय करना और उपर्युक्त पैरा 11(छ) के अनुसरण में परिषद की आवधिक रिपोर्टों में अध्यक्ष को यह अनुरोध करना कि वह इस मुद्दे पर समिति के कार्यों से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे;

(झ) इस संकल्प के तहत किए गए उपायों के क्रियान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए मौजूदा दिशा-निर्देशों में संशोधन करना तथा जैसा अपेक्षित हो, इन दिशा-निर्देशों की सक्रिय पुनर्विलोकन करना;

सूचीबद्धन

12. सदस्य राष्ट्रों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना कि वे ऐसे व्यष्टिकों, नामों अथवा असितत्वों को शामिल करने के लिए समिति से आग्रह करे जो उपर्युक्त पैरा 8 में निर्धारित शर्तों को पूरा करे, और साथ ही इन व्यक्तियों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष स्वामित्व अथवा नियंत्रण वाले किसी गुट अथवा इन असितत्वों के निर्देश पर तथा उनकी ओर से कार्य करने वाले व्यक्तिय अथवा गुट शामिल होंगे;

13. यह निर्णय लेता है कि सूचीबद्धन हेतु समिति के समक्ष नाम प्रस्तावित करते समय सदस्य राष्ट्र द्वारा व्यष्टिकों तथा गुटों की सही पहचान करने के लिए अनुमति प्रदान करने हेतु पर्याप्त पहचान संबंधी सूचना सहित इस मामले का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे और आगे

यह भी निर्णय लेता है कि ऐसे प्रत्येक प्रस्ताव के लिए सदस्य राष्ट्र इस मामले के उस हिस्से की पहचान करेंगे, जिन्हें सार्वजनिक रूप से जारी किया जा सके, जिनमें निम्नलिखित पैरा 14 में यथावर्णित सार तैयार करने हेतु समिति द्वारा उपयोग किया जाना अथवा सूचीबद्ध व्यक्ति अथवा गुट को सूचना प्रदान करने के प्रयोजनार्थ शामिल है और वे हिस्से जो इच्छुक राष्ट्रों के अनुरोध पर जारी किया जा सके;

14. सुसंगत नाम निर्धारण राष्ट्रों के समन्वयन से तथा निगरानी समूह की सहायता से समिति को निर्देश देता है कि इस सूची में नाम शामिल किए जाने के बाद सूचीबद्धन से संबंधित कारणों सहित इसे समिति की वेबसाईट पर सुलभ कराया जाए;

15. यह निर्णय लेता है कि सचिवालय व्यक्तियों तथा गुटों की सूची में नाम जोड़ने के एक सप्ताह के भीतर इसे प्रकाशित करने के बाद देश अथवा देशों के स्थायी मिशन को यह सूचित करता है जहां वह व्यक्ति समझा जाता है कि रह रहा है और ऐसे व्यक्तियों के मामले में जहां वह व्यक्ति उस देश का नागरिक हो (उस सीमा तक जहां तक यह सूचना सार्वजनिक हो) और इस अधिसूचना के साथ इस मामले से संबंधित सार्वजनिक तौर पर जारी किए जाने योग्य हिस्से की प्रति, समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध सूचीबद्धन हेतु कारणों से संबंधित जानकारी, इस नाम निर्धारण के प्रभावों का ब्यौरा, सूची से हटाए जाने हेतु अनुरोध से संबंधित समिति की प्रक्रियाएं और उपलब्ध छूटों से संबंधित उपाबंध संलग्न हो;

16. यह मांग करता है कि उपर्युक्त पैरा 15 में उल्लेख अनुसार अधिसूचना प्राप्त करने वाले सदस्य राष्ट्र उनके देशी विधियों एवं प्रथाओं के अनुसार सूचीबद्ध किए गए व्यक्तियों अथवा गुट के बारे में समयबद्ध तरीके से यथासंभव अधिसूचना अथवा सूचना जारी करे, जिसके साथ उपर्युक्त पैरा 15 में यथानिर्धारित सचिवालय द्वारा दी गई सूचनाएं शामिल हों;

17. उपर्युक्त पैरा 15 में उल्लेख अनुसार अधिसूचना प्राप्त करने वाले सदस्य राष्ट्रों को उपर्युक्त पैरा 1, 3 और 7 में यथानिर्धारित उपायों को लागू करने के लिए किए गए उपायों के बारे में समिति को सूचित करने हेतु प्रोत्साहित करना;

सूची से नाम विलोप करना

18. संकल्प सं. 1730 (2006) के अनुसरण में सचिवालय के भीतर स्थापित मुख्य बिन्दु का स्वागत करता है जो मुख्य बिन्दु को सीधे तौर पर सूची से नाम हटाए जाने हेतु कोई याचिका प्रस्तुत करने संबंधी विकल्प के साथ सूचीबद्ध व्यष्टिकों, समूहों, उपक्रमों अथवा गुटों से संबंधित जानकारी प्रदान करता है;

19. अभिनिर्धारित करने वाले राष्ट्रों और नागरिकता एवं आवास वाले राष्ट्रों से आग्रह किया जाता है कि वे मुख्य बिन्दु के माध्यम से प्राप्त सूची से हटाए जाने संबंधी याचिकाओं पर संकल्प सं. 1730 (2006) के अनुबंध में उल्लिखित प्रक्रियाओं के अनुरूप समयबद्ध तरीके से समीक्षा करे और यह उपदर्शित करे कि क्या वे इस अनुरोध का समर्थन करते हैं अथवा इसका विरोध करते हैं ताकि समिति इसकी पुनर्विलोकन कर सके;

20. समिति को निदेश दिया जाता है कि वह दिशा-निर्देशों के अनुरूप उन व्यक्तियों के नामों को समिति की सूची से हटाने हेतु अनुरोधों पर विचार करें जो इस संकल्प के अनुसरण में मानदंडों को पूरा नहीं करते;

21. यह निर्णय लेता है कि सचिवालय व्यक्तियों तथा गुटों की सूची में नाम जोड़ने के एक सप्ताह के भीतर इसे प्रकाशित करने के बाद देश अथवा देशों के स्थायी मिशन को यह सूचित करता है जहां वह व्यष्टिक समझा जाता है कि रह रहा है और ऐसे व्यष्टिक के मामले में जहां वह व्यक्ति उस देश का राष्ट्रिक हो (उस सीमा तक जहां तक यह सूचना सार्वजनिक हो) और यह मांग करता है कि इस प्रकार की अधिसूचना प्राप्त करने वाले राष्ट्र अपने देशी विधियों और प्रक्रियाओं के अनुसार समयबद्ध तरीके से नाम सूची से हटाए जाने के बारे में संबंधित व्यक्तियों अथवा गुटों को अधिसूचित अथवा सूचना देने के लिए उपाय करे;

22. समिति को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करता है कि व्यष्टिकों तथा असितत्वों को समिति के पदनामितों की सूची में शामिल करने के लिए और उन्हेंक हटाने के साथ-साथ मानवीय छूट प्रदान करने के लिए निष्पक्ष तथा स्पष्ट प्रक्रियाएं विद्यमान हैं;

23. यह निर्णय लेता है कि संकल्प 1811 (2008) के पैरा 3 में उपवर्जित अनुवीक्षण समूह की सहमति में नीचे उल्लिखित कार्य भी शामिल होंगे :

(क) उपर्युक्त पैरा 6 में पुष्टि किए गए साधारण तथा सम्पूर्ण हथियार के अतिरिक्त उपर्युक्त पैरा 1, 3 और 7 में निहित उपायों के उल्लंघनों के संबंध में कोई सूचना प्रदान करके इस संकल्प के क्रियान्वयन का अनुवीक्षण करने में इस समिति को सहायता करना;

(ख) उपर्युक्त पैरा 8 में उल्लिखित व्यष्टिकों और असितत्वों के संबंध में समिति के नाम-निर्देशन से संगत किसी सूचना को समिति के लिए इसके रिपोर्टों में शामिल करना;

(ग) उपर्युक्त पैरा 14 में निर्दिष्ट वर्णनात्मंक सारांशों के संकलन में समिति की सहायता करना;

24. इस संकल्पना तथा सभी संगत संकल्पनाओं द्वारा लगाए गए उपायों के कड़ाई से क्रियान्वयन के लिए सभी सदस्य राष्ट्रों को उनके दायित्वों के संबंध में स्मरण कराता है;

25. यह निर्णय करता है कि सभी सदस्य राष्ट्र उपर्युक्त पैरा 1 से 7 के प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वयन के विचार से उठाए गए कदमों पर इस संकल्प को अंगीकार करने के 120 दिन के भीतर समिति को रिपोर्ट देंगे;

26. यह निर्णय लेता है कि 12 महीनों के भीतर, उपर्युक्त पैरा 1, 3 और 7 में उल्लिखित उपायों की पुनर्विलोकन करेंगे।

27. इस मामले से सक्रिय रूप से लाभ उठाने का निर्णय लेता है।

उपाबंध 3

संकल्प 1907 (2009)

सुरक्षा परिषद द्वारा 23 दिसंबर, 2009 को अपनी 6254वीं बैठक में अंगीकृत

सुरक्षा परिषद,

विशेष रूप से अपने संकल्पों 751 (1992), 1844 (2008), और 1862 (2009) तथा इसके 18 मई, 2009 (एस/पीआरएसटी/2009/15), 9 जुलाई, 2009 (एस/पीआरएसटी/2009/19), 12 जून, 2008 (एस/पीआरएसटी/2008/20) में जिबुती और इरिट्रिया के बीच सीमा विवाद और सोमालिया में स्थिति के संबंध में इसके पूर्व के संकल्पों और इसके राष्ट्रपति के वक्तव्यों का स्मरण करते हुए,

क्रमश: सोमालिया, जिबुती और इरिट्रिया की संप्रभुता, राज्यक्षेत्रीय अखंडता और राजनैतिक स्वततंत्रता तथा एकता के संबंध में इसके सम्मान की पुन:पुष्टिं करते हुए,

जिबुती और इरिट्रिया के बीच सीमा विवाद के समाधान के महत्व को व्यक्त करते हुए,

यह पुन:पुष्टि करते हुए कि जिबुती करार तथा शांति प्रक्रिया सोमालिया में संघर्ष के समाधान का आधार व्यक्त करता है और परिवर्ती संघीय सरकार (टीएफजी) के लिए समर्थन की आगे पुन:पुष्टि करते हुए,

इस क्षेत्र, विशेषकर इरिट्रिया के भीतर तथा इसके बाहर दोनों ओर, विशेषकर इरिट्रिया द्वारा सोमालिया में विकेन्द्रिकरण की कार्रवाइयों में संलिप्त सशस्त्र समूहों को समर्थन देकर और शांति तथा मेल-मिलाप के प्रयासों के साथ-साथ क्षेत्रीय स्थिरता (एस/2009/388) को धूमिल करने वाले विदेशी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध प्रतिबंध लगाने के लिए परिषद का आह्वान करते हुए सिरते, लीबिया में अफ्रीकी संघ (एयू) के 13वें सत्र के निर्णय पर ध्यान करते हुए,

आगे जिबुती और इरिट्रिया (एस/2009/388) के बीच सीमा विवाद के संबंध में अन्य बातों के साथ-साथ 1862 (2009) के संकल्प के संबंध में इरिट्रिया द्वारा क्रियान्वयन के संबंध में प्रगति बिलकुल भी न होने के संबंध में अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सिरते, लीबिया में अफ्रीकी संघ की 13वीं सभा के निर्णय पर गौर करते हुए,

दिसंबर, 2008 की अपनी रिपोर्ट (एस/2008/769) में यथारेखांकित संकल्प 1853 (2008) के संकल्प द्वारा पुनःस्थापित अनुवीक्षण समूह के निष्कर्षों से संबंधित अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कि इरिट्रिया ने क्षेत्रीय स्थिरता तथा सोमालिया में शांति तथा मेल-मिलाप को धूमिल करने में संलिप्त सशस्त्र समूहों को राजनैतिक, वित्तीय तथा संभारतंत्रीय समर्थन प्रदान किया है,

टीएफजी पदाधिकारियों और संस्थाओं, सिविलियन आबादी, मानवीय कार्यकर्ताओं और सोमालिया के लिए यूनियन संघ (एएमआईएसओएम) के कार्मिकों पर हुए सभी सशस्त्र हमलों *की भर्त्सना करते हुए,*

जिबुती करार को इरिट्रिया द्वारा अस्वीकार करने पर *गंभीर चिंता व्यक्त करते* हुए, जैसा कि सुरक्षा परिषद (एस/2009/256) के अध्यक्ष को संबोधित संयुक्त राष्ट्र संघ के लिए इरिट्रिया के स्थायी प्रतिनिधि के 19 मई, 2009 के पत्र में उल्लिखित है,

अपने संकल्प 1844 (2008) का *स्मरण करते हुए,* जिसमें इसने सोमालिया में शांति, सुरक्षा तथा स्थिरता को खतरा पहुंचाने वाले कृत्यों में संलिप्त अथवा उसे समर्थन प्रदान करने, शस्त्र सामग्री का उल्लंघन करने की कार्रवाई अथवा सोमालिया में मानवीय सहायता के प्रवाह को बाधित करने के लिए निर्दिष्ट व्यष्टिकों अथवा असितत्वों के विरूद्ध उपाय करने का निर्णय लिया है,

सोमालिया की स्थिरता के लिए एएमआईएसओएम के योगदान के लिए अपनी *सराहना व्यक्त करते हुए* और बुरूंडी और युगान्डा की सरकारों द्वारा एएमआईएसओएम के लिए सतत प्रतिबद्धता के लिए आगे अपनी *सराहना व्यक्त करते हुए*,

उन लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के अपने इरादे *को दोहराते हुए* जो जिबुती शांति प्रक्रिया को रोकना अथवा इसमें बाधा पहुंचाना चाहते हैं,

अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कि इरिट्रिया ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपने संकल्प 1862 (2009) के अपने संकल्पों, और 12 जून, 2008 (एस/पीआरएसटी/2008/20) को अपने अध्यक्ष के वक्तव्य में सुरक्षा परिषद द्वारा यथा आह्वान किए गए पूर्व की यथास्थिति को बनाने के लिए अपनी सेना को वापस नहीं बुलाया है,

इरिट्रिया द्वारा जिबुती के साथ बातचीत करने अथवा उपक्षेत्रीय अथवा क्षेत्रीय संगठनों द्वारा द्विपक्षीय संपर्कों, मध्यस्थता अथवा सुविधा प्रदान करने के प्रयासों अथवा महासचिव के प्रयासों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इनकार करने पर अपनी *गहरी चिंता को दोहराते हुए*,

30 मार्च, 2009 (एस/2009/163) को जारी महासचिव के पत्र और इसके बाद जिबुती-इरिट्रिया संघर्ष पर सचिवालय द्वारा संक्षिप्त विवरण का ध्यान करते हुए,

इस *बात का ध्यान करते हुए* कि जिबुती ने पूर्व की यथास्थिति तक अपने बलों को वापस बुला लिया है और इसने संयुक्त राष्ट्र तथ्य-खोजी मिशन और महासचिव के अच्छे कार्यालयों सहित सभी संबंधितों के साथ पूर्णतया सहयोग किया है,

यह अवधारण करते हुए कि सोमालिया में शांति तथा मेल-मिलाप को धूमिल करने की इरिट्रिया की कार्रवाई के साथ-साथ जिबुती तथा इरिट्रिया के बीच विवाद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं,

संयुक्त राष्ट्र के अध्याय के अध्याय 7 के अधीन कार्रवाई करते हुए,

1. इस बात को दोहराता है कि इरिट्रिया सहित सभी सदस्य राष्ट्र सोमालिया पर संकल्पों 1356 (2001), 1425 (2002), 1725 (2006), 1744 (2007) और 1772 (2007) और 1844 (2008) के संकल्पों के उपाबंधों द्वारा यथा सविस्तारित और यथासंशोधित संकल्प 733 (1992) के पैरा 5 द्वारा लगाए गए सशस्त्र प्रतिबंध की शर्तों के साथ पूर्णतया अनुपालन करेंगे;

2. इरिट्रिया सहित सभी सदस्य राष्ट्रों का आह्वान करता है कि वे जिबुती शांति प्रक्रिया का समर्थन करें और सोमालिया में टीएफजी द्वारा किए गए मेल-मिलाप के प्रयासों का समर्थन करें और यह मांग करता है कि इरिट्रिया टीएफजी को प्रत्यक्षतः अथवा परोक्षतः, अस्थिर अथवा पलटने/गिरा करने के सभी प्रयासों को समाप्त करे;

3. अपनी इस मांग को दोहराता है कि इरिट्रिया तत्काल संकल्प 1862 (2009) का अनुपालन करे और;

(i) अपने बलों और उनके सभी उपकरणों को पूर्व की यथास्थिति में वापस ले आए और यह सुनिश्चित करे कि उस क्षेत्र में कोई भी सैन्य उपस्थिति अथवा गतिविधि न चलाई जाए जहां जून 2008 में रास डोमेइरा और डोउमेइरा द्वीप में संघर्ष हुआ हो;

(ii) रास डोमेइरा और डोउमेइरा द्वीप में जिबुती के साथ अपने सीमा विवाद को स्वीकार करे, तनाव दूर करने के लिए सक्रियता से बातचीत की प्रक्रिया में भाग ले और राजनयिक प्रयासों में भी शामिल हो ताकि सीमा मामले का परस्पर स्वीकार्य निपटारा हो सके; और

(iii) संयुक्त राष्ट्र के सदस्य के रूप में अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों को निभाए, चार्टर के अनुच्छेद 2, पैरा 3, 4 और 5 तथा अनुच्छेद 33 में उल्लिखित सिद्धांतों का आदर करे और संकल्प 1862 (2009) में पैरा 3 में उल्लखित अच्छे कार्यालयों के अपने प्रस्ताव के माध्यम से विशेष रूप से महासचिव के साथ पूर्णतया सहयोग करे;

4. यह मांग करता है कि इरिट्रिया 10 से 12 जून, 2008 के संघर्षों के बाद से संघर्षस्थल से लापता जिबुतियाई लड़ाकुओं से संबंधित सूचना उपलब्ध कराएं ताकि इससे संबंधित व्यक्ति जिबुतियाई युद्धबंदियों की उपस्थिति तथा दशा का निर्धारण कर सकें;

5. यह निर्णय लेता है कि सभी सदस्य राष्ट्र हथियारों और गोलाबारूदों, सैन्य वाहनों और उपकरण, सैन्य उपकरण, और उपर्युक्त के लिए अतिरिक्त पुर्जे, और तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, वित्तीय तथा अन्य सहायता, सैन्य कार्रवाइयों से संबंधित अथवा इनकी व्यवस्था, विनिर्माण, रख-रखाव अथवा इन मदों के उपयोग, चाहे ये उनके क्षेत्र में विनिर्मित हो रहे हों या नहीं, सहित सभी प्रकार के हथियारों और

संबंधित सामग्री का अपने राष्ट्रिकों अथवा अपने क्षेत्रों से अथवा उनके ध्वजवाहनों अथवा जलयान/वायुयान द्वारा इरिट्रिया को बिक्री अथवा आपूर्ति रोकने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाएं;

6. यह निर्णय लेता है कि इरिट्रिया किसी भी हथियार अथवा संबंधित सामग्री की अपने राष्ट्रिकों द्वारा अपने क्षेत्र से प्रत्यक्ष या परोक्ष आपूर्ति अथवा अंतरण नहीं करेगा और यह कि सभी सदस्य राष्ट्र उपर्युक्त पैरा 5 में वर्णित इन मदों, प्रशिक्षण और सहायता का इरिट्रिया से अपने राष्ट्रिकों द्वारा अथवा उनके ध्वजवाहनों अथवा जलयान/वायुयान से, चाहे वे इरिट्रिया के राज्यक्षेत्र में विनिर्मित हों या नहीं, इनके प्रापण को प्रतिषेध करेगा;

7. सभी सदस्य राष्ट्रों का आह्वान करता है कि वे सोमालिया और इरिट्रिया से आनेजाने वाले सभी मालों, अंतर्राष्ट्रीय विधि के अनुरूप और उनके राष्ट्रीय प्राधिकारों और विधानों के अनुरूप, समुद्रपत्तन और हवाईअड्डों सहित उनके भूभाग में निरीक्षण करेंगे, यदि संबंधित राष्ट्र के पास ऐसी सूचना हो जिसमें यह विश्वास कराने के लिए उपयुक्त आधार हों कि स्थोरा में ऐसी सामग्री है जिनकी आपूर्ति, अंतरण अथवा निर्यात संकल्प के पैरा 5 और 6 द्वारा प्रतिषेध है अथवा सोमालिया को साधारण और पूर्ण हथियार प्रतिबंध संकल्प 733 (1992) के पैरा 5 का अनुपालन सुनिश्चित करता हो और इन उपाबंधों के कड़े क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के प्रयोजन से इसके बाद के संकल्प द्वारा विस्तारित और संशोधित होती हों;

8. यह निर्णय लेता है कि उपर्युक्त पैरा 5 और 6 द्वारा निषिद्ध मदों की खोज होने पर उन्हें जब्त करने और समाप्त करने (या तो विनाश करके या प्रचालन से अयोग्य बनाकर) के लिए सभी सदस्य राष्ट्रों को इस संकल्प के पैरा 5 और 6 द्वारा आपूर्ति, बिक्री, स्थानान्तरण, अथवा निर्यात के लिए निषिद्ध मदों के लिए सभी सदस्य राष्ट्रों को प्राधिकृत करता है और आगे यह निर्णय करता है कि सभी सदस्य राष्ट्र ऐसे प्रयासों में सहयोग करेंगे;

9. किसी भी सदस्य राष्ट्र की अपेक्षा है जब यह ऐसी मदों को निष्कर्ष पाता है जिसकी आपूर्ति, बिक्री, स्थानान्तरण अथवा निर्यात इस संकल्प के पैरा 5 और 6 द्वारा निषिद्ध है, तो उन मदों को जब्त करने और नष्ट करने के लिए उठाए गए कदमों सहित संगत ब्यौरे की रिपोर्ट समिति को करेगा;

10. यह निर्णय लेता है कि सभी सदस्य राष्ट्र संकल्प 751 (1992) के अनुपालन में और अधोलिखित पैरा 15 में उल्लिखित मानदण्ड के अनुपालन वाले संकल्प 1844 (2008) (इसमें समिति द्वारा विस्तारित समिति द्वारा निर्दिष्ट व्यक्तियों के अपने राज्यक्षेत्र से होकर पारगमन करने अथवा उनमें प्रवेश करने से रोकने के लिए आवश्यकत उपाय करेंगे, बशर्ते कि इस पैरा में उल्लिखित कोई भी तथ्य किसी राष्ट्र को इसके अपने राष्ट्रिकों को अपने राज्य क्षेत्र में प्रवेश करने से इनकार करने के लिए बाध्य न करता हो;

11. यह निर्णय लेता है कि उपर्युक्त पैरा 10 द्वारा अवधारित उपाय लागू नहीं होंगे:

(क) जहां समिति मामला-दर-मामला यह अधिरोपित करती है कि ऐसी यात्रा, धार्मिक बाध्यताओं सहित मानवीय आवश्यकताओं के आधारों पर औचित्यपूर्ण है; अथवा,

(ख) जहां समिति मामला-दर-मामला यह अवधारित करती है कि इस क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता के उद्देश्यों को एक छूट अन्यथा आगे बढ़ाएगी;

12. यह निर्णय लेता है कि सभी सदस्य राष्ट्र अधोलिखित पैरा 15 के अनुपालन में समिति द्वारा निर्दिष्ट व्यष्टिकों अथवा असितत्वों को हथियारों और सैन्य गोलाबारूद की आपूर्ति, बिक्री, स्थानांतरण, विनिर्माण, रख-रखाव अथवा उपयोग के लिए अथवा सैन्य कार्यकलाप से संबन्धित निवेश, ब्रोकरिंग, अथवा अन्य वित्तीय सेवाओ सहित प्रशिक्षण, वित्तीय तथा अन्य सहायता अथवा तकनीकी सहायता अथवा प्रशिक्षण, वित्तीय और अन्य सहायता की प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष आपूर्ति और उपर्युक्त के लिए हथियार तथा गोलाबारूद, सैन्य वाहनों और उपकरण, सैन्य उपकरण तथा कलपुर्जे सहित उनके राष्ट्रिकों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष आपूर्ति, बिक्री अथवा स्थानान्तरण अथवा उनके भूभागों से अथवा अपने ध्वजपोत का उपयोग करके अथवा सभी प्रकार के हथियारों तथा संबंधित सामग्री वाले जलयान/वायुयान के उपयोग को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे;

13. यह निर्णय लेता है कि सभी सदस्य राष्ट्र अधोलिखित पैरा 15 के अनुपालन में समिति द्वारा निर्दिष्ट असितत्वों अथवा व्यष्टिकों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष स्वामित्व अथवा नियंत्रित वाली ऐसी निधियों, अन्य वित्तीय संपत्तियों और आर्थिक संसाधन जो उनके भूभाग में हो, जो इस संकल्प के अंगीकार करने की तारीख अथवा उसके पश्चात किसी भी समय बिना किसी विलम्ब के जब्त करेंगे;

14. यह निर्णय लेता है कि उपर्युक्त पैरा 13 द्वारा अधिरोपित किए गए उपाय उन निधियों, अन्य वित्तीय आस्तियों अथवा आर्थिक संसाधनों पर लागू नहीं होते जो सुसंगत सदस्य राष्ट्रों द्वारा निर्धारित किए गए हों;

(क) जो ऐसी अधिसूचना के तीन सप्ताह के दिन के भीतर समिति द्वारा लिए गए नकारात्मक निर्णय के अभाव में और जहां उपयुक्त हो, ऐसी निधियों तक पहुंच, अन्य वित्तीय संपदा और आर्थिक संसाधनों के नेमी ग्रहण अथवा रख-रखाव के इरादे की समिति के लिए संगत सदस्य राष्ट्रों द्वारा अधिसूचित करने के बाद राष्ट्रीय विधियों के अनुरूप, कानूनी सेवाओं, अथवा फीसों अथवा सेवा फीसों के उपाबंध के साथ संबंधित किए गए व्ययों की प्रतिपूर्ति और उपयुक्त व्यावसायिक फीसों की प्रतिदाय के लिए विशेष रूप से अथवा खाद्यपदार्थों, किराया अथवा गिरवी, दवाएं और चिकित्सा उपचार कर, बीमा प्रीमियमों सहित मूल खर्चों के लिए आवश्यक हो;

(ख) असाधारण व्ययों के लिए आवश्यक हो, बशर्ते कि ऐसे निर्धारण को समिति के लिए संगत सदस्य राष्ट्र (राष्ट्रों) द्वारा अधिसूचित किया गया हो, और इसे समिति द्वारा अनुमोदित किया गया हो;

(ग) किसी न्यायिक, प्रशासनिक अथवा माध्यस्थम संपर्क अथवा निर्णय के अध्यधीन हो, जिस मामले में निधियां, अन्य वित्तीय आस्तिएं और आर्थिक संसाधन उस संपर्क अथवा निर्णय को समाधान किए जाने के लिए उपयोग में लाया जाता हो कि वह संपर्क अथवा निर्णय वर्तमान संकल्प की तारीख से पहले हुआ हो, और जो उपर्युक्त पैरा 13 के अनुपालन में निर्दिष्ट किसी व्यक्ति अथवा प्रतिष्ठान के फायदा के लिए न हो, और जिसे समिति के संगत सदस्य राष्ट्र (राष्ट्रों) द्वारा अधिसूचित किया गया है;

15. यह निर्णय लेता है कि उपर्युक्त पैरा 10 के उपाबंध इरिट्रियाई राजनैतिक और सैन्य नेतृत्व सहित लेकिन उन तक ही सीमित नहीं, व्यक्तियों और यह कि उपर्युक्त पैरा 12 और 13 इरिट्रियाई राजनैतिक और सैन्य नेतृत्व, सरकारी और पराराष्ट्रीय संस्थानों सहित लेकिन उन तक ही सीमित नहीं, और समिति द्वारा नामित इरिट्रियाई राज्यक्षेत्र के भीतर अथवा बाहर रह रहे इरिट्रियाई नागरिकों की निजी स्वामित्व वाली संस्थानों पर लागू होंगेः

(क) उपर्युक्त पैरा 5 और 6 द्वारा स्थापित किए गए उपायों का उल्लंघन करने के रूप में;

(ख) सशस्त्र विपक्षी समूहों, जिनका ध्येय इस क्षेत्र को अस्थिर करना है, को इरिट्रिया से समर्थन प्रदान करने के रूप में;

(ग) जिबुती से संबंधित संकल्प 1862 (2009) के क्रियान्वयन को बाधित करने के रूप में;

(घ) इस क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों अथवा उनके नागरिकों के विरूद्ध हिंसा की कार्रवाई अथवा आतंकी कार्रवाई को स्थायी बनाने के लिए आश्रय देने, वित्तपोषण करने, सुविधा प्रदान करने, समर्थन देने, संगठित करने, प्रशिक्षण देने अथवा व्यक्तियों या समूहों को उकसाने के रूप में;

(ड.) किसी अनुवीक्षण समूह की जांच अथवा कार्य में बाधा डालने के रूप में;

16. यह मांग करता है कि सभी सदस्य राष्ट्र, विशेषकर इरिट्रिया अल-शबाब सहित सशस्त्र समूहों और उनके सदस्यों को हथियार प्राप्त करने, प्रशिक्षण देने और सज्जित करने से रोके, जो इस क्षेत्र को अशांत करने का उद्देश्य रखते हैं अथवा जिबुती में हिंसा और सिविल संघर्ष को उकसाते हैं;

17. यह मांग करता है कि इरिट्रिया समिति तथा अन्य प्रतिबंध संबंधी समितियों, विशेषकर वह समिति जो संगत संकल्प में निर्धारित किए अनुसार संकल्प 1267 (1999) के अनुपालन में स्थापित समिति द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को यात्रा में सुविधा प्रदान करने और अन्य प्रकारों से वित्तीय सहायता को समाप्त करे;

18. यह निर्णय लेता है कि अतिरिक्त कार्यों को करने के लिए समिति के कार्य का और विस्तार किया जाए:

(क) उपर्युक्त पैरा 5,6,8,10,12 और 13 में किए गए उपायों के क्रियान्वयन का अनुवीक्षण समूह की सहायता से अनुवीक्षण करना;

(ख) उपर्युक्त पैरा 15 में निर्धारित मानदण्ड के अनुपालन में उपर्युक्त पैराग्राफ 10, 12 और 13 द्वारा लगाए गए उपायों के अध्यधीन उन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को नामित करना;

(ग) उपर्युक्त पैरा 11 और 14 में निर्धारित छूटों के लिए अनुरोध किए जाने पर उन पर विचार करना और निर्णय करना;

(घ) अपने अतिरिक्त कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए अपने दिशानिर्देशों को अद्यतन करना;

19. निर्णय लेता है कि इस संकल्प में किए गए उपायों के क्रियान्वयन का अनुवीक्षण करने और उनकी रिपोर्ट करने और नीचे की रूपरेखा वाले कार्यों को करने के लिए संकल्प 1853 (2008) द्वारा पुनः स्थापित अनुवीक्षण समूह के अधिदेश का आगे विस्तार करना और महासचिव से अनुरोध करना कि वे अतिरिक्त संसाधनों और कार्मिकों की उपयुक्त व्यवस्था करें ताकि विस्तारित अनुवीक्षण समूह अपने अधिदेश पर कार्रवाई करना जारी रख सके और इसके अतिरिक्त:

(क) उल्लंघनों पर किसी भी सूचना की रिपोर्ट करने सहित उपर्युक्त पैरा 5,6,8,10,12 और 13 में किए गए उपायों के क्रियान्वयन का अनुवीक्षण करने में समिति की सहायता करना;

(ख) उपर्युक्त पैरा 16 और 17 के क्रियान्वयन के लिए सुसंगत किसी भी सूचना पर विचार करना जिसे समिति के ध्यान में लाया जाना चाहिए;

(ग) उपर्युक्त पैरा 15 में वर्णित व्यक्तियों और संस्थाओं के संबंध में समिति द्वारा नाम-निर्दिष्ट के सुसंगत कोई भी सूचना सुरक्षा परिषद को दी जाने वाली रिपोर्टों में शामिल करे;

(घ) इन कार्यों के अनुपालन में विशेषज्ञों के संस्वीकृत समितियों के पैनलों के साथ यथा-उपयुक्त समन्वयन;

20. सभी सदस्य राष्ट्रों का आह्वान करता है कि वे उपर्युक्त पैरा 5, 6, 10, 12 और 13 में वर्णित उपायों के क्रियान्वयन के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों पर इस संकल्प के अंगीकार करने के 120 दिन के भीतर सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करें;

21. यह पुष्टि करता है कि यह इरिट्रिया की कार्रवाई को पुनर्विलोकन के अधीन रखेगा और यह कि इसे इस संकल्प के उपाबंधों के इरिट्रिया द्वारा अनुपालन के आलोक में उनके सुदृढ़ीकरण, संशोधन अथवा उठाने सहित उपायों का समायोजित करने के लिए तैयार किया जाएगा;

22. महासचिव से यह अनुरोध करता है कि वे इस संकल्प के उपाबंधों के इरिट्रिया द्वारा अनुपालन पर 180 दिनों के भीतर रिपोर्ट करें;

23. इस मामले पर सक्रियता से विचार करते रहने का निर्णय लेता है;

उपाबंध 4

संकल्प 2111 (2013)

सुरक्षा परिषद द्वारा 24 जुलाई, 2013 को अपनी 7009वीं बैठक में अंगीकृत

सुरक्षा परिषद,

सोमालिया और इरिट्रिया में विशेषकर संकल्प 733 (1992), 1844 (2008), 1907 (2009), 2036 (2012), 2060 (2012) और 2039 (2013) से संबंधित पूर्व संकल्पों और इसके राष्ट्रपति के वक्तव्यों की *पुनःपुष्टि करते हुए,*

सोमालिया (एस/2013/413) और इरिट्रिया पर सोमालिया और इरिट्रिया अनुवीक्षण समूह (अनुवीक्षण समूह) की अंतिम रिपोर्टों *का ध्यान लेते हुए,*

क्रमशः सोमालिया, जिबुती और इरिट्रिया की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, राजनैतिक स्वतंत्रता और एकता के लिए अपने सम्मान की *पुनःपुष्टि करते हुए,*

चारकोल पाबंदी के लगातार उल्लंघन पर चिंता व्यक्त करते हुए और किसमोया में स्थिति और इन उल्लंघनों का जुबा क्षेत्रों में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर प्रभाव पर विशेष रूप *से चिंता व्यक्त करते हुए,*

इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता पर गंभीर खतरे के रूप में, सोमालिया पर शस्त्र प्रतिबंध और इरिट्रिया पर शस्त्रों पर प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए सोमालिया और इरिट्रिया से होकर और इनको हथियारों और गोलाबारूद की आपूर्ति के प्रवाह *की निंदा करते हुए,*

आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों के लिए शिविरों में सहित न्यायक्षेत्र से परे हत्याओं, स्त्रियों, बालकों और पत्रकारों के विरूद्ध हिंसा, मनमाने रूप से बंदी बनाकर रखने और सोमालिया में व्यापक लैंगिक हिंसा सहित मानवाधिकार उल्लंघनों की रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त करना और दण्डमुक्ति को समाप्त करने, मानवाधिकार को बनाए रखने और ऐसे अपराधों को अंजाम देने वालों को जिम्मेदार ठहराने की आवश्यकता को *चिंताव्यक्त करते हुए,*

वित्तीय संसाधनों के आबंटन में सोमालिया की संघीय सरकार और दाताओं दोनों को परस्पर जिम्मेदार और पारदर्शी होने के महत्व को *रेखांकित करते हुए*,

पिछले वर्षों के दौरान सोमालिया में महत्वपूर्ण प्रगति *की मान्यता करते हुए*, सोमालिया की संघीय सरकार की सोमालिया में शांति और स्थिरता लाने के इसके प्रयासों के लिए सराहना करते हुए और इसे इस बात के लिए प्रोत्साहित करते हुए कि सोमालिया के अनंतिम संविधान के अनुरूप, एक संघीय ढ़ांचे के कार्यान्वयन की ओर एक स्पष्ट राजनैतिक प्रक्रिया निर्धारित तथा परिभाषित की जाए,

सोमालिया की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के साथ-साथ अन्य सूचिबद्ध मानदण्ड के लिए खतरा उत्पन्न करने वाली कार्रवाइयों में संलिप्त व्यक्तियों और संस्थाओं को सूचिबद्ध करने के लिए उनकी पहचान करने में सोमालिया संघीय सरकार की संलग्नता *को प्रोत्साहित करते हुए*,

सोमालिया की संघीय सरकार के साथ सक्रिय संबंध विकसित करते रहने के लिए अनुवीक्षण समूह के आशय *का स्वागत करते हुए,*

मानवीय अभिकरणों और अनुवीक्षण समूह के बीच सूचना के आदान-प्रदान के स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए और अनुवीक्षण समूह तथा मानवीय अभिकरणों के बीच वृहत सूचना साझा करने और संवाद के लिए *आग्रह करते हुए*,

इस संकल्प के पैरा 10 के प्रचालन में नए छूटों को जोड़ने के साथ-साथ क्रियान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए सोमालिया और इरिट्रिया पर शस्त्र प्रतिबंधों में विद्यमान छूट को ठोस बनाने और उसकी पुष्टि करने के इसके *इरादे को व्यक्त करते हुए*,

16 सितंबर को ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ-सोमालिया सम्मेलन की *उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हुए* और इस संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का *आग्रह करते हुए* कि सोमालिया सरकार की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढ़ंग से समर्थन दिया जाए,

शस्त्र प्रतिबंधों के निलंबन की निबंधनों के तहत सोमालिया संघीय सरकार द्वारा अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में इसे अंतरराष्ट्रीय समर्थन के महत्व *को रेखांकित करते हुए*,

राष्ट्रपति के टिप्पण एस/2006/997 द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए, सुरक्षा परिषद अधीनस्थ संगठन शाखा के लिए विशेषज्ञों के रोस्टर का विस्तार तथा इसमें सुधार करने के लिए सचिवालय द्वारा किए गए प्रयासों *की सराहना करते हुए*,

पैरा 21, 22 और 23 जो अनुवीक्षण तंत्रों के लिए तौर तरीकों के मानकों को स्पष्ट करने के लिए संभावित कदमों पर चर्चा करता है, सहित सर्वोत्तम चलन तथा तरीकों पर संस्वीकृति रिपोर्ट (एस/20006/997) के सामान्य मुद्दों पर अनौपचारिक कार्य समूह *का आह्वान/स्मरण करते हुए*,

यह अवधारित करते हुए कि सोमालिया में स्थिति, सोमालिया में इरिट्रिया के प्रभाव, के साथ-साथ जिबुती और इरिट्रिया के बीच मतभेद इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं,

संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के पाठ 7 के तहत कार्रवाई करते हुए,

1. यह स्मरण/आह्वान करता है कि संकल्प 1844 (2008), जो लक्षित प्रतिबंधों को थोपता है और संकल्प 2002 (2011) और 2093 (2013) जिसने सूचिबद्धता मापदण्ड का विस्तार किया और संकल्प 1844 (2008) के तहत सूचिबद्धता मानदण्डों में से एक को नोट करता है, ऐसी कार्रवाई में संलिप्त है जो सोमालिया की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न करता है;
2. ऊपर उल्लिखित मानदण्डों के आधार पर व्यक्तियों और संस्थाओं के विरूद्ध लक्षित उपाय करने के लिए अपनी इच्छा को दोहराते हुए;
3. यह दोहराते हुए कि जांचों अथवा अनुवीक्षण समूह के कार्यों में बाधा पहुंचाना संकल्प 1907 (2009) के पैरा 15 (सी) के तहत सूचिबद्ध करने का आधार है;

शस्त्र प्रतिरोध

4. संकल्प 733 (1992) के पैरा 5 द्वारा अधिरोपित किए गए और संकल्प 1425 (2002) के पैरा 1 और 2 में आगे और विस्तार किया गया और संकल्प 2093 (2013) (यहां आगे "सोमालिया पर हथियार प्रतिरोध" से कहा गया है) के पैरा 33 से 38 द्वारा संशोधित सोमालिया पर शस्त्र प्रतिबंध की पुष्टि करता है;
5. संकल्प 1907 (2009) (यहां आगे "इरिट्रिया पर हथियार प्रतिरोध" से कहा गया है) के पैरा 5 और 6 द्वारा अधिरोपित गए इरिट्रिया पर शस्त्र प्रतिबंध की आगे पुष्टि करता है;

6. यह निर्णय लेता है कि 6 मार्च, 2014 तक सोमालिया पर शस्त्र प्रतिरोध इस संकल्प के उपाबंध में निर्धारित मदों की सुपुर्दगियों के संबंध में को छोड़कर सोमालिया के लोगों के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए, सोमालिया संघीय सरकार के सुरक्षा बलों के विकास के लिए ही केवल इरादतन सलाह, सहायता अथवा प्रशिक्षण के उपाबंध अथवा हथयारों अथवा सैन्य उपकरण की सुपुर्दगियों की आपूर्ति पर लागू नहीं होगी;

7. यह निर्णय लेता है कि सदस्य राष्ट्रों अथवा अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय संगठनों द्वारा सोमालिया संघीय सरकार को इस संकल्प के उपाबंध में मदों की आपूर्तियां मामला दर मामला आधार पर समिति द्वारा पूर्व अनुमोदन की अपेक्षा रखता है;

8. यह निर्णय लेता है कि केवल सोमालिया संघीय सरकार के सुरक्षा बलों के विकास के लिए बेचे गए अथवा आपूर्ति किए गए हथियार अथवा सैन्य उपकरण उन किसी व्यष्टिकों और संस्थाओं को पुनःबिक्री, हस्तांतरित अथवा उपलब्ध नहीं कराए जाएं जो सोमालिया संघीय सरकार के सुरक्षा बलों की सेवा में नहीं हैं;

9. सोमालिया संघीय सरकार को 6 अक्तूबर, 2013 से पहले और इसके बाद 6 फरवरी, 2014 से पहले और इसके पश्चात हरेक छह महीनों में सुरक्षा परिषद को निम्नलिखित के संबंध में अपनी बाध्यताओं/दायित्वों के बारे में रिपोर्ट करने का स्मरण दिलाता है कि;

(क) सोमालिया की संघीय सरकार के सुरक्षा बलों की अवसंरचना;

(ख) सोमालिया संघीय सरकार के सुरक्षा बलों द्वारा सैन्य उपकरण के सुरक्षित संग्रहण, रजिस्ट्रीकरण, अनुरक्षण तथा वितरण को सुनिश्चित करने के लिए लागू अवसंरचना;

(ग) सोमालिया संघीय सरकार के सुरक्षा बलों द्वारा हथियारों के रजिस्ट्रीकरण, वितरण, उपयोग तथा संग्रहण के लिए और इस संबंध में प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं के लिए लागू प्रक्रियाओं तथा आचार संहिताएं;

10. यह निर्णय लेता है कि सोमालिया पर हथियार प्रतिरोध निम्नलिखित पर लागू नहीं होगा;

(क) सोमालिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएसओएम) सहित संयुक्त राष्ट्र के कार्मिक द्वारा उपयोग अथवा सहायता मात्र के आशय से सहायता का उपाबंध अथवा हथियारों अथवा सैन्य उपकरण की आपूर्तियां;

(ख) सोमालिया में अफ्रीकी संघ मिशन (एएमआईएसओएम) द्वारा उपयोग के लिए अथवा मात्र सहायता के इरादे से हथियारों और सैन्य उपकरण की आपूर्तियां, तकनीकी प्रशिक्षण और सहायता;

(ग) 15 जनवरी, 2012 की अफ्रीकी संघ रणनीति संकल्पना (अथवा इसके बाद के अफ्रीकी संघ रणनीतिक संकल्पना) के तहत और एएमआईएसओएम के साथ सहयोग और समन्वय करके मात्र कार्रवाई करने वाले एएमआईएसओएम के रणनीतिक सहयोगियों की सहायता अथवा उनके उपयोग के लिए मात्र इरादे से सहायता के उपाबंध अथवा हथियारों अथवा सैन्य उपकरण की आपूर्तियां;

(घ) सोमालिया में यूरोपीय संघ प्रशिक्षण मिशन (ईयूटीएम) द्वारा उपयोग अथवा सहायता मात्र के आशय से सहायता का उपाबंध अथवा हथियारों अथवा सैन्य उपकरण की आपूर्तियां;

(ड.) सोमालिया संघीय सरकार के अनुरोध पर सोमालिया के समुद्र तट पर जलदस्युता तथा समुद्री डकैती की कार्रवाइयों को रोकने के लिए उपाय करने हेतु केवल सदस्य राष्ट्रों अथवा अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय अथवा उपक्षेत्रीय संगठनों के मात्र उपयोग के लिए तय हथियारों और सेन्य उपकरण की आपूर्तियां, जिसके लिए इसने महासचिव को नामित किया है और बशर्ते कि उठाया गया कोई भी कदम अंतर्राष्ट्रीय मानवीयता और मानवाधिकार कानून के अनुरूप होगा;

(च) संयुक्त राष्ट्र कार्मिकों, मीडिया के प्रतिनिधियों और मानवीय तथा विकास कामगारों और संबद्ध कार्मिकों के अपने व्यक्तिगत उपयोग मात्र के लिए इनके द्वारा सोमालिया को अस्थायी रूप से निर्यातित फ्लैक जैकेट और सैन्य हेमलेटों सहित सुरक्षात्मक कपड़ों की आपूर्तियां;

(छ) आपूर्तिकर्ता राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय अथवा उपक्षेत्रीय संगठनों द्वारा केवल समिति को इसकी सूचना के लिए पांच दिन अग्रिम रूप से अधिसूचित करके मानवीय तथा सुरक्षात्मक उपयोग के लिए मात्र इसके इरादे से अघातक सैन्य उपकरण की आपूर्तियां;

11. आगे यह निर्णय लेता है कि सोमालिया पर शस्त्र प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू नहीं होंगे:

(क) आपूर्तिकर्ता राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय अथवा उपक्षेत्रीय संगठन से किसी भी ऐसी सहायता की अधिसूचना प्राप्त करने के पांच कार्यदिवसों के भीतर समिति द्वारा किसी नकारात्मक निर्णय के अभाव में सोमालियाई सुरक्षा क्षेत्र की संस्थाओं को विकसित

होने में सहायता करने मात्र के प्रयोजनार्थ सदस्य राष्ट्रों अथवा अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय संगठनों द्वारा हथियारों अथवा सैन्य उपकरण तथा तकनीकी सहायता की आपूर्तियां अथवा प्रशिक्षण प्रदान करना;

12. यह निर्णय लेता है कि इरिट्रिया पर हथियार प्रतिबंध समिति द्वारा अग्रिम रूप से मामला दर मामला आधार पर यथा अनुमोदित मानवीय अथवा सुरक्षात्मक उपयोग मात्र के इरादे से अघातक सैन्य हथियार की आपूर्तियों पर लागू नहीं होगा;

13. यह निर्णय लेता है कि इरिट्रिया पर हथियार प्रतिबंध संयुक्त राष्ट्र के कार्मिकों, मीडिया के प्रतिनिधियों और मानवीय तथा विकासात्मक कामगारों और संबद्ध कार्मिकों के मात्र अपने उपयोग के लिए इरिट्रिया को अस्थायी निर्यात किए गए फ्लैक जैकेट और सैन्य हेमलेटों सहित सुरक्षात्मक कपड़ों पर लागू नहीं होगा;

समिति को अधिसूचना

14. यह निर्णय लेता है कि सोमालिया संघीय सरकार को इस संकल्प के अनुबंध में सूचिबद्ध मदों को छोड़कर और इस संकल्प के पैरा 6 में यथा अनुमत्य, सोमालिया संघीय सरकार के सुरक्षा बलों मात्र के लिए आशय से सहायता के प्रावधान अथवा सैन्य उपकरण अथवा उपकरणों के किसी भी प्रदायगियों का कम से कम पांच दिन अग्रिम रूप से अपनी सूचना के लिए समिति को अधिसूचित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी है;

15. आगे यह निर्णय लेता है कि सहायता प्रदान करने वाले सदस्य राष्ट्र अथवा अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय संगठन वैकल्पिक रूप से सोमालिया संघीय सरकार के परामर्श से इस अधिसूचना को तैयार करें;

16. इस महत्व पर जोर देता है कि उपर्युक्त पैरा 14 और 15 के अनुसार समिति को प्रस्तुत की गई अधिसूचनाओं में, जहां लागू हो, प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तावित हथयारों, गोलाबारूद, सैन्य उपकरण और सामग्री के प्रकार और इसकी मात्रा और सोमालिया में प्रदानगी की प्रस्तावित तारीख तथा विनिर्दिष्ट स्थान सहित सभी संगत सूचना निहित हो;

17. सोमालिया संघीय सरकार का आह्वान करता है कि वह विशेष रूप से इस संकल्प के पैरा 14 में निर्धारित अधिसूचना प्रक्रिया, और हथियार प्रतिबंध के निलंबन की शर्तों के तहत अपने दायित्वों को पूरा करे;

चारकोल पाबंदी

18. यह दोहराता है कि सोमालियाई प्राधिकारीगण सोमालिया से चारकोल के निर्यात को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे और अनुरोध करता है कि संकल्प 2093 के पैरा 1 में निर्धारित इसके अधिदेश के एएमआईएसओएम के क्रियान्वयन के भाग के रूप में एएमआईएसओएम ऐसा करने में सोमालियाई प्राधिकारियों की सहायता करे, और दोहराता है कि सभी सदस्य राष्ट्र सोमालिया से चारकोल के प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष निर्यात को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे चाहे ऐसे चारकोल सोमालिया मूल रूप से सोमालिया के हों या नहीं;

19. सदस्य राष्ट्रों द्वारा चारकोल प्रतिबंध के उल्लंघनों वाली रिपोर्टों पर गहरी चिन्ता व्यक्त करता है और आगे सोमालियाई चारकोल के संभावित ठोस विनाश पर अनुवीक्षण समूह से विस्तृत सूचना के लिए अनुरोध करता है, चारकोल के मुद्दे पर सोमालिया के कार्यबल के अध्यक्ष के लिए अपना समर्थन दोहराता है, और चारकोल प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने की अपनी इच्छा को रेखांकित करता है;

20. एएमआईएसओएम के लिए टुकडियों का योगदान करने वाले पुलिस तथा दस्तों सहित सदस्य राष्ट्रों को संकल्प 2036 (2012) में यथा निर्धारित चारकोल पाबंदी का पालन करने के लिए उनके दायित्वों का स्मरण कराता है;

मानवीय मुद्दे

21. मानवीय सहायता अभियानों के महत्व को रेखांकित करता है, मानवीय सहायता का राजनीतिकरण अथवा दुरूपयोग तथा अपयोजन की निंदा करता है, और सदस्य राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का आह्वान करता है कि वे सोमालिया में इन उपर्युक्त चलनों को न्यूनतम करने के लिए सभी व्यवहार्य कदम उठाएं;

22. यह निर्णय लेता है कि 25 अक्तूबर, 2014 तक और अन्यत्र आयोजित मानवीय सहायता कार्यक्रमों से पूर्वाग्रह किए बिना संकल्प 1844 (2008) के पैरा 3 द्वारा लगाए गए उपाय संयुक्त राष्ट्र महासभा जो मानवीय सहायता प्रदान करता है और सोमालिया के लिए संयुक्त राष्ट्र संयुक्त अपील में भाग लेने वाले द्विपक्षीय अथवा बहुपक्षीय वित्तपोषित गैर सरकारी संगठनों सहित इसके क्रियान्वयन सहयोगियों सहित पर्यवेक्षक की हैसियत वाले संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञताप्राप्त अभिकरणों और कार्यक्रमों, मानवीय संगठनों द्वारा सोमालिया में मानवीय सहायता की तत्काल आवश्यकता की समय पर प्रदानगी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निधियों की आदयगी, अन्य वित्तीय संपदाओं अथवा आर्थिक संसाधनों पर लागू नहीं होंगे;

23. सोमालिया में मानवीय सहायता की प्रदानगी में किसी भी रूकावट पर और सोमालिया में मानवीय सहायता की प्रदानगी पर 20 मार्च, 2014 और पुनः 20 सितंबर, 2014 तक सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करने के लिए आपात राहत समन्वयक का अनुरोध करता है और संयुक्त राष्ट्र महासभा और उनके क्रियान्वयन सहयोगियों के साथ पर्यवेक्षक की हैसियत वाले संयुक्त राष्ट्र की संगत अभिकरणों और मानवीय संगठनों, जो सोमालिया में मानवीय सहायता प्रदान करते हैं, से ऐसी रिपोर्टें तैयार करने और पारदर्शिता तथा जवाबदेही में वृद्धि करने के हित में सोमालिया के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता समन्वयक के साथ सूचना साझा करने की उनकी इच्छा और सहयोग को बढ़ाने का अनुरोध करता है;

24. सोमालिया तथा पड़ोसी देशों में कार्यरत अनुवीक्षण समूह तथा मानवीय संगठनों के बीच और अधिक सहयोग, समन्वय तथा सूचना साझा करने का अनुरोध करता है;

सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन

25. सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार करने की सोमालिया के राष्ट्रपति की प्रतिबद्धता का संज्ञान लेता है, सोमालिया के सार्वजनिक संसाधनों के अपयोजन की रिपोर्टों पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करता है, लोक/सार्वजनिक वित्त के प्रभावी प्रबंधन और पारदर्शिता के महत्व को रेखांकित करता है, भ्रष्टाचार से लड़ने और सरगनाओं को जिम्मेदार ठहराने, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन और जवाबदेही में सुधार करने के लिए सोमालिया संघीय सरकार को अधिक जोरदार प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है, और सार्वजनिक संसाधनों का गबन करने में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की अपनी इच्छा को दोहराता है;

पेट्रोलियम सेक्टर

26. सोमालिया में अधिक तनाव का स्रोत बन रहे सोमालिया में पेट्रोलियम क्षेत्र के खतरे के विरूद्ध उपयुक्त रूप से इसके शमन के लिए सोमालिया संघीय सरकार को प्रोत्साहित करता है;

अनुवीक्षण समूह का अधिदेश

27. संकल्प 2060 (2012) के पैरा 13 में यथानिर्धारित और संकल्प 2093 (2013) के पैरा 41 में यथा-अद्यतित सोमालिया और इरिट्रिया के अधिदेश को 25 नवंबर, 2014 तक बढ़ाने का निर्णय लेता है, 25 अक्तूबर, 2014 से पहले ही आगे विस्तार के संबंध में अधिदेश की समीक्षा करने और उपयुक्त कार्रवाई करने के अपने आशय को व्यक्त करता है, और पूर्व के संकल्पों के अनुसरण में स्थापित अनुवीक्षण समूह के सदस्यों की विशेषज्ञता पर यथाउपयुक्त तैयार किए गए इसके संकल्प की तारीख से सोलह महीनों की अवधि के लिए समिति के परामर्श से अनुवीक्षण समूह के यथासंभव शीघ्र पुनःस्थापना के लिए आवश्यक प्रशासनिक उपाय करने के लिए महासचिव से अनुरोध करता है;

28. अनुवीक्षण समूह के अधिदेश की समाप्ति से ठीक तीस दिन पहले संकल्प 2060 (2012) में निर्धारित और संकल्प 2093 (2013) के पैरा 41 में अद्यतित सभी कार्यों को शामिल करते हुए, दो अंतिम रिपोर्ट, एक सोमालिया पर केन्द्रित और दूसरा इरिट्रिया पर केन्द्रित रिपोर्ट समिति के माध्यम से सुरक्षा परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत करने के लिए अनुवीक्षण समिति से अनुरोध करता है;

29. अनुवीक्षण समूह की रिपोर्टों में की गई संस्तुतियों पर विचार करने के लिए इसके अधिदेश के अनुरूप और अनुवीक्षण समिति तथा अन्य संगत संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं से परामर्श करके समिति से अनुरोध करता है, और परिषद को सोमालिया और इरिट्रिया शस्त्र प्रतिबंधों के अनुपालन और क्रियान्वयन में सुधार करने के तरीके, सोमालिया से चारकोल के आयात तथा निर्यात के संबंध में उपाय के साथ-साथ जारी हिंसा के प्रत्युत्तर में उपर्युक्त पैराग्राफ 1 का संज्ञान लेते हुए, संकल्पों 1844 (2008) के पैरा 1, 3 और 7 तथा संकल्प 1907 (2009) के पैराग्राफों 5, 6, 8, 10, 12 और 13 द्वारा अधिरोपित गए लक्षित उपायों के क्रियान्वयन की संस्तुति करता है;

30. यह निर्णय लेता है कि अनुवीक्षण समूह अब आगे उसी महीने में समिति को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए बाध्य नहीं रहेगा जिसमें यह अपनी मध्यावधि सार प्रदान करता है और अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करता है;

31. इरिट्रिया की सरकार और अनुवीक्षण समूह के बीच संपर्क के महत्व को रेखांकित करता है और अपनी इस आशा को रेखांकित करता है कि इरिट्रिया सरकार बिना किसी और विलंब के अनुवीक्षण समूह को इरिट्रिया में प्रवेश को सुविधाजनक करेगी;

32. सभी पक्षकारों और सभी राष्ट्रों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा उपक्षेत्रीय संगठनों तथा एएमआईएसओएम से अनुवीक्षण समूह के साथ सहयोग सुनिश्चित करने और अनुवीक्षण समूह के सदस्यों की सुरक्षा, अबाधित प्रवेश विशेषकर उन व्यक्तियों, दस्तावेजों और स्थलों, जिसे अनुवीक्षण समूह अपने अधिदेश के क्रियान्वयन के लिए संगत मानता है, तक प्रवेश सुनिश्चित करने का आग्रह करता है;

एएमआईएसओएम

33. सचिवालय तथा अफ्रीकी संघ द्वारा एएमआईएसओएम की आगामी संयुक्त समीक्षा के परिणामों की उत्सुकता से प्रतीक्षा करता है, 10 अक्तूबर, 2013 तक परिषद के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले विकल्पों तथा संस्तुतियों के लिए अनुरोध करता है, समीक्षा के संबंध में सचिवालय के साथ घनिष्ठंता से मिलकर काम करने के अफ्रीकी संघ के इरादे का स्वागत करता है;

34. इस मामले से सक्रियता से लाभ उठाते रहने का निर्णय करता है।

उपाबंध

1. सतह से हवाई मिसाइल, मानव-पोर्टबल एयर-डिफेंस प्रणाली सहित (एमएएनपीएडीएस);

2. 12.7 मिलीमीटर से अधिक कैलिबर वाली बंदुकें, होवित्जर, और तोपें, और इनके लिए विशेष रूप से तैयार किए गए गोलाबारूद तथा घटक। (इसमें आरपीजी अथवा एलएडब्लू से, राइफल ग्रेनेड, अथवा ग्रेनेड लॉंचर जैसे कंधे पर रखकर दागने वाले टैंक-रोधी रॉकेट लॉंचर शामिल नहीं हैं।);

3. 82 मिलीमीटर से अधिक के कैलिबर वाला एक मोर्टार;

4. टैंक-रोधी लक्षित मिसाइलें (एटीजीएम) सहित टैंक-रोधी लक्षित मिसाइलें और इन मदों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए गोलाबारूद और घटक;

5. ऊर्जायुक्ते सामग्रियों, सुरंगों और संबंधित सामग्री सहित सैन्य उपयोग के इरादे वाली आक्रमणों वाले उपकरण;

6. रात्रि दृष्टि क्षमता वाले हथियार।

उपाबंध 5

सूची का संयोजन
इस सूची में दो वर्ग हैं जो नीचे वर्णित हैं :

क. व्याक्तिगत

ख. संस्थाएं तथा अन्य समूहें

सूची से हटाने के संबंध में सूचना समिति की वेबसाइट पर देखी जा सकती है :http://www.un.org/sc/committees/dfp.shtml

क. व्यक्तिगत

एसओआई.012 नाम : 1: अबुबकर 2: शरीफ 3: अहमद 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम : उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: क. 1962 ख. 1967 जन्मस्थान: केन्या अच्छे लक्षण उर्फ : क. माकाबुरी ख. शेख अबुबकर अहमद ग. अबुबकर शरीफ अहमद घ. अबु मकाबुरी शरीफ ड.. अबुबकर शरीफ च. अबुबकर अहमद कमजोर लक्षण उर्फ: उपलब्ध नहीं राष्ट्रिकता: उपलब्ध नहीं पासपोर्ट संख्या: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या: उपलब्ध नहीं पता: मेजेंगो एरिया, मोंबासा, केन्या सूचीबद्ध: 23 अगस्त्, 2012 अन्य सूचना:

एसओआई.003 नाम : 1: हसन 2: अब्दुरल्ला 3: हेरसी 4: अल-तुरकी उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: लगभग 1944 जन्म स्थान: ओगादेन क्षेत्र, इथियोपिया अच्छे लक्षण उर्फ : क. अल-तुकरी, हसन ख. तुर्की हसन ग. तुर्की हसन अब्दील्लाही हेरसी घ. तुर्की, शेख हसन ड.. जिरसी, जिसन काब्दील्लाही च. जिरसी, जिसन काब्दुल्ले कमजोर लक्षण उर्फ: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीयता: सोमालिया पासपोर्ट संख्या.: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या: उपलब्ध नहीं पता: सोमालिया सूचीबद्ध: 12 अप्रैल, 2010 अन्य सूचना:

एसओआई.004 नाम : 1: अहमद 2: आब्दी 3: अल-मोहामेद 4: उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म:तिथि: 10 जुलाई, 1977 जन्मस्थान: हारगेइसा, सोमालिया अच्छे लक्षण उर्फ : क. अबु जुबेइर मुक्तार अब्दीराहेमन ख. अबुजुबैर, मुक्ता्र अब्दुलरहीम ग. अव मोहम्मद, अहमद अब्दी घ. अव-मोहम्मेद अहमद अब्दी ड.. "गोदाने" च. "गोदानी" छ. "मुक्तार, शेख" ज. "जुबैर अबु" कमजोर लक्षण उर्फ: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीयता: सोमालिया पासपोर्ट संख्या: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या: उपलब्ध नहीं पता: सूचीबद्ध: 23 अप्रैल, 2010 अन्य सूचना:

एसओआई.002 नाम : 1: हसन 2: दाहिर 3: अवैस 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: 1935 जन्म स्थान: उपलब्ध नहीं अच्छे लक्षण उर्फ: क. अली, शेख हसन दाहिर अवैस ख. अवैस, हसन दाहीर ग. अवैस, शेख हसन दाहीर घ. अवैसख् हसन दाहीर ड.. अवैस, अहमद दाहीर च. अवैस, शेख छ. अवैस, शेख हसन दाहीर ज. दाहीर, अवैस हसन झ. अवैस, हसन ताहीर इयं. "हसन, शेख" कमजोर लक्षण उर्फ : उपलब्ध नहीं राष्ट्रिकता: सोमालिया पासपोर्ट संख्या.: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या: उपलब्ध नहीं पता: सोमालिया सूचीबद्ध: 12 अप्रैल, 2010 अन्य सूचना:

एसओआई.001 नाम : 1: यासीन 2: अली 3: बैना 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: 24 दिसंबर, 1965 जन्म स्थान: उपलब्ध नहीं अच्छे लक्षण उर्फ: क. अली, यासिन बैना ख. अली, यासिन मोहम्मद ग. बैना, यासिन घ. बैना, यासिन ड.. बैनाख, यासीन काली च. बेनाह, यासिन छ. बीनाह, यासिन ज. बिनाख, यासिन झ. बेना, यासिन इयं. बेनाह यास्सीन च. बेनाख, यास्सीन छ. बेइना यासिन ज. बिना, यासिन झ. काली, यासीइन बेनाख कमजोर लक्षण उर्फ : उपलब्ध नहीं राष्ट्रिकता: क. सोमालिया ख. स्वीडेन पासपोर्ट संख्या: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या:: उपलब्ध नहीं पता: क. रिंकेबी, स्टॉकहोम, स्वीडेन ख. मोगादीशु, सोमालिया सूचीबद्ध: 12 अप्रैल 2010 अन्य सूचना:

एसओआई.014 नाम : 1: अहमद 2: हम्मामी 3: उपलब्ध नहीं 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म:तिथि: लगभग 1972 जन्म स्थान: सोमालिया अच्छे लक्षण उर्फ: क. शेख अहमद उमर अबु उबैदा ख. शेख ओमर अबु उबैदाह ग. शेख अहमद उमर घ. शेख माहेद ओमर अब्दीकारीम ड. अबु उबैदा च. अबु दीरीया कमजोर लक्षण उर्फ: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीयता: उपलब्ध नहीं पासपोर्ट संख्या: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या: उपलब्ध नहीं पता: सोमालिया सूचीबद्ध: 24 सितंबर, 2014 अन्य सूचना:

एसओआई.010 नाम : 1: ओमर 2: हम्मामी 3: उपलब्ध नहीं 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: 6 मई, 1986 जन्म स्थान: अलाबामा, संयुक्त राज्य अच्छे लक्षण उर्फ: क. अबु मंसुर अल-अमरीकी ख. अबु मंसुर अल-अमरीकी ग. अबु मंस्सुर अल-अमरीकी घ. उमर हम्मामी ड.. अबु मंसुर अलअमरीकी च. कमजोर लक्षण उर्फ : उपलब्ध नहीं राष्ट्रीयता: संयुक्त राज्य , माना जाता है कि इसके पास सीरिया की भी राष्ट्रिकता है पासपोर्ट संख्या: 403062567 (अमरीका) राष्ट्रीय पहचान संख्या: सामाजिक सुरक्षा संख्या 423-31-3021 (अमरीका) पता: सोमालिया सूचीबद्ध: 28 जुलाई, 2011 अन्य सूचना: एक सोमालियाई महिला से शादीशुदा है 2005 में मिस्र में रहा और 2009 में सोमालिया चला गया

एसओआई.005 नाम : 1: फुआद 2: मोहम्मद 3: खालफ 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: उपलब्ध नहीं जन्म स्थान: उपलब्ध नहीं अच्छे लक्षण उर्फ: क. फुआद मोहम्मद खालिफ ख. फुआद मोहम्मद कालिफ ग. फुआद मोहम्मद कलफ घ. फुआद मोहम्मेद खालिफ ड.. फुआद मोहम्मेद खालिफ च. फुआद खालाफ छ. फुआद शोनगाले ज. फुआद शोनगाले झ. फुद सोनगाले इयं. फोअद शोनगाले च. फुआद मोहम्मेद खालिफ शोनगाले कमजोर लक्षण उर्फ: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीयता: सोमालिया पासपोर्ट संख्या: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या: उपलब्ध नहीं पता: क. मोगादीशु, सोमालिया ख. सोमालिया सूचीबद्ध: 12 अप्रैल, 2010 अन्य सूचना:

एसओआई.006 नाम : 1: बशीर 2: मोहम्मद 3: महमुद 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: क. 1981 ख. 1982 जन्म स्थान: उपलब्ध नहीं अच्छे लक्षण उर्फ: क. बशीर मोहम्मद मोहमुद ख. बशीर माहेमुद मोहाम्मुद ग. बशीर मोहम्मद मोहामुद घ. बशीर मोहम्मद मोहामाउद ड.. बशीर यारे च. बशीर क़ोरगाब छ. गुरे गाप ज. "अबु मुस्काब" झ. "क़ोरबी" कमजोर लक्षण उर्फ: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीयता: सोमालिया पासपोर्ट संख्या: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या : उपलब्ध नहीं पता: मोगादीशु, सोमालिया सूचीबद्ध: 12 अप्रैल, 2010 अन्य सूचना:

एसओआई.008 नाम : 1: फारेस 2: मोहम्मद 3: मानाआ 4: उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: 8 फरवरी, 1965 जन्म स्थान: सदह, यमन अच्छे लक्षण उर्फ: क. फारी, मानाआ ख. फारेस मोहम्मद मनआ कमजोर लक्षण उर्फ : उपलब्ध नहीं राष्ट्रिकता: सोमालिया पासपोर्ट संख्या: 00514146, साना, यमन में से जारी (जारी करने की तारीख 7 जनवरी, 1996) राष्ट्री य पहचान संख्या : 1417576, अल-अमाना, यमन में जारी किया गया (7 जनवरी, 1996 को जारी किया गया) पता: उपलब्ध नहीं सूचीबद्ध: 12 अप्रैल, 2010 अन्य सूचना:

एसओआई.011 नाम : 1: अबौद 2: रोगो 3: मोहम्मेद 4: उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: क. 11 नवंबर, 1960 ख. 11 नवंबर, 1967 ग. 11 नवंबर, 1969 घ. 1 जनवरी, 1969 जन्म स्थान: लामु द्वीप, केन्या अच्छे लक्षण उर्फ: क. अबुद

मोहम्मद रोगो ख. अबुद शेफ रोगो ग. अबुद मोहम्मेद रोगो घ. शेख अबुद रोगो ड.. अबुद रोगो मोहम्मेद च. अबोद रोगो मोहम्मेद कमजोर लक्षण उर्फ : उपलब्ध नहीं राष्ट्रिकता: उपलब्ध नहीं पासपोर्ट संख्या: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या: उपलब्ध नहीं पता: उपलब्ध नहीं सूचीबद्ध: 25 जुलाई, 2012 अन्य सूचना:

एसओआई.009 नाम : 1: हसन 2: माहत 3: ओमर 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: 10 अप्रैल, 1979 जन्म स्थान: गारिसा, केन्या अच्छे लक्षण उर्फ: क. हसन हुसैन अदाम ख. हसाने महद ओमार ग. खसान खुसैन अदन घ. असान महद कुमार ड.. अबु सलमान च. अबु सलम्मान छ. शेख हसन हुसैन कमजोर लक्षण उर्फ : उपलब्ध नहीं राष्ट्रीयता: शायद इथयोपियाई पासपोर्ट संख्या: ए1180173, केन्या में जारी किया गया (20 अगस्त, 2017 को तिथि समाप्त) राष्ट्रीय पहचान संख्या: 23446085 (राष्ट्रीय आईडी कार्ड) पता: नैरोबी, केन्या सूचीबद्ध: 28 जुलाई, 2011 अन्य सूचना:

एसओआई.013 नाम : 1: मालीम 2: सलमान 3: उपलब्ध नहीं 4: उपलब्ध नहीं उपनाम: उपलब्ध नहीं पदनाम: उपलब्ध नहीं, जन्म तिथि: लगभग 1979 जन्म स्थान: नैरोबी, केन्या अच्छे लक्षण उर्फ: क. मुआलीम सलमान ख. मुआलीम सुलेमान ग. आमीर सलमान घ. मालीम सुलैमान ड.. मालिम सुलैमान अली च. मआलीम सेलमन अली छ. मआलीम सेल्मान ज. मालीम सुलेमान कमजोर लक्षण उर्फ : उपलब्ध नहीं राष्ट्रीयता: सोमालिया पासपोर्ट संख्या: उपलब्ध नहीं राष्ट्रीय पहचान संख्या : उपलब्ध नहीं पता: सोमालिया सूचीबद्ध: 23 सितंबर, 2014 अन्य सूचना: ख

असितत्वों और अन्य समूह 751 (1992) और 1907 (2009)

001 नाम : अल-शबाब उर्फ क. अल-शबाब ख. शाबाब ग. द यूथ घ. मुजाहिदीन अल-शबाब मुवमेंट ड.. मुजाहिदीन यूथ मुवमेंट च. मुजाहीदीन युथ मुवमेंट छ. एमवाईएम ज. हरकत शबाब अल-मुजाहिदीन ज. हिजबुल शबाब झ. हीसबुल शबाब इयं. अल-शबाब अल-इस्लामिया ट. यूथ विंग ठ. अल-शबाब अलइस्लाम ड. अल-शबाब अल-जिहाद ढ. द यूनिटी ऑफ इस्लामिक यूथ ण. हरकत अल-शबाब अल-मुजाहिदीन त. हरकतुल शबाब अल मुजाहीद्दीन थ. मुजाहिदीन यूथ मुवमेंट एफ.के.ए. उपलब्ध नहीं पता : उपलब्ध नहीं

[फा. सं. यू-।।/152/2/2016]

रूदेन्द्र टंडन, संयुक्त सचिव (यूएनपी)

MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

ORDER

New Delhi, the 24th June, 2016

S.O. 2220 (E).—Whereas, the Security Council of the United Nations in its 3039th Meeting adopted Resolution 733(1992) [appended to this Order as Annexure 1], under Chapter VII of the Charter of the United Nations which required all States, for the purposes of establishing peace and stability in Somalia, to immediately implement a general and complete embargo on all deliveries of weapons and military equipment to Somalia until the Council decides otherwise;

And whereas, the Security Council of the United Nations in its 6019th Meeting adopted Resolution 1844(2008) which required all States to take the necessary measures to prevent the entry into or transit through their territories of individuals designated by the Committee established pursuant to resolution 751 (1992) and paragraph 3 of the resolution required all States to freeze without delay the funds, other financial assets and economic resources which are on their territories, which are owned or controlled, directly or indirectly, by the individuals or entities designated by the Committee and to ensure that any funds, financial assets or economic resources are prevented from being made available by their nationals or by any individuals or entities within their territories, to or for the benefit of such individuals or entities;

And whereas, the Security Council of the United Nations in its 6254th Meeting adopted Resolution 1907(2009) which required all States to take the necessary measures to prevent the direct or indirect supply, sale or transfer to Eritrea by their nationals or from their territories or using their flag vessels or aircraft, of arms and related material of all types, including weapons and ammunition, military vehicles and equipment, paramilitary equipment, and spare parts for the aforementioned as well as technical assistance, training, financial and other assistance, related to the military activities or

to the provision, manufacture, maintenance or use of these items, whether or not originating in their territories and assistance including investment, brokering or other financial services, related to military activities or to the supply, sale, transfer, manufacture, maintenance or use of weapons and military equipment, to the individuals or entities designated by the Committee and also States are required to prohibit the procurement of such items, training and assistance from Eritrea by their nationals, or using their flag vessels or aircraft, whether or not originating in the territory of Eritrea;

And whereas, Resolution 2111(2013) of the Security Council of the United Nations require States to fully implement the provisions contained in Resolutions 733 (1992), 751(1992), 1356(2001), 1407(2002), 1425(2002), 1474(2003), 1844(2008), 1907(2009), 1972(2011), 2002(2011), 2023(2011), 2036(2012), 2060(2012), 2093(2013), 2111(2013), 2124(2013), 2125(2013), 2142(2014),2182(2014) and 2244(2015);

And whereas, the Central Government considers it necessary and expedient to issue an Order under the United Nations (Security Council) Act, 1947 (43 of 1947) to implement the said Resolutions of the Security Council adopted under Chapter VII of the Charter of the United Nations to protect the unity, sovereignty, independence and territorial integrity of Somalia and Eritrea;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 2 of the United Nations (Security Council) Act, 1947 (43 of 1947), the Central Government hereby makes the following Order to give effect to the said Resolutions, namely;-

1. **Short title and commencement: -** (1) This Order may be called the Implementation of the United Nations Security Council Resolutions on Somalia and Eritrea Order, 2016.

   (2) It shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions: -** (1) In this order, unless the context otherwise requires,

   (a) "Resolution" means the Resolution 733 of 1992 of the Security Council of the United Nations adopted on 23 January 1992 and includes Resolutions 751(1992), 1356(2001), 1407(2002), 1425(2002), 1474(2003), 1844(2008), 1907(2009), 1972(2011), 2002(2011), 2023(2011), 2036(2012), 2060(2012), 2093(2013), 2111(2013), 2124(2013), 2125(2013), 2142(2014), 2182(2014) and 2244(2015);

(b) "Schedule" means the Schedule annexed to this Order, drawn on the basis of the determination made by the Security Council in their said Resolutions;

